दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 10 अंक : 338 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, शुक्रवार 02 जनवरी, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

# ब्रज क्षेत्र में अवैध खनन को लेकर भजनलाल सख्त मूड में, लापरवाह अफसर के खिलाफ होगी कार्यवाही

## पूछरी का लोटा में डीग जिला प्रशासन भरतपुर जिला प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों के साथ की मीटिंग और जो अधिकारी अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहे उनके नाम सीएमओ भेजने की कही बात

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भरतपुर दौरे के दौरान एक तरफ जहां अपने आराध्य देव गिरिराज जी की दंडवत परिक्रमा करके उनसे प्रदेश की खुशहाली की कामना की तो दूसरी तरफ उन्होंने अपनी इस यात्रा के दौरान ही पूछरी का लोटा में डीग जिला प्रशासन भरतपुर जिला प्रशासन और पुलिस, वन विभाग, राजस्व, परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ मीटिंग करके ब्रज क्षेत्र में अवैध खनन के बारे में मिल रही शिकायतों को लेकर अधिकारियों को साफ कहा कि ब्रज क्षेत्र में किसी भी सूरत में अवैध खनन नहीं होना चाहिए यह जिम्मेदारी जिला कलेक्टर, वन विभाग और पुलिस के बड़े अधिकारियों की है और अगर कोई अधिकारी अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहा है तो फिर इसके बारे में उन अधिकारियों के नाम मुख्यमंत्री कार्यालय में भेजे जाएं यानी मुख्यमंत्री शर्मा ने इस बैठक में अधिकारियों से साफ कहा है कि अगर कोई अधिकारी अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करने में दिलचस्पी नहीं दिख रहा है या फिर वह किसी के प्रेशर में है तो उस अधिकारी का नाम उन्हें भेजा जाए कुल मिलाकर भजनलाल शर्मा यह चाहते हैं कि ब्रज क्षेत्र में अवैध खनन की एक भी शिकायत उन



तक नहीं पहुंचनी चाहिए इसके लिए मुख्यमंत्री शर्मा ने डीग और भरतपुर दोनों जिलों के कलेक्टरों को साफ निर्देशित करते हुए कहा है कि अवैध खनन के खिलाफ हो रही कार्रवाई पर वे खुद नियमित रूप से कड़ी निगरानी रखें और रोजाना मामले की अपडेट लेते रहें तथा जो अधिकारी काम नहीं कर रहा है उसके बारे में उन्हें अवगत करवाया जाए उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों ब्रज क्षेत्र में अवैध खनन को लेकर साधु संत लंबे समय तक धरने पर बैठे हुए थे। साधु संतों का कहना था कि ब्रज क्षेत्र में कई जगहों पर व्यापक तौर पर अवैध खनन हो रहा है इसकी शिकायत प्रशासन पुलिस और अन्य संबंधित विभागों के बड़े अधिकारियों को दी गई लेकिन इसके बावजूद भी जब ब्रज क्षेत्र में अवैध खनन लगातार जारी था तो उसके बाद साधु संत धरने पर बैठ गए थे हालांकि बाद में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह मौके पर गए और उन्होंने साधु संतों को भरोसा दिलाया कि सरकार ब्रज क्षेत्र में अवैध खनन रोकने को लेकर गंभीर है और यहां प्रभावी कार्यवाही होगी। हालांकि प्रदेश की भजनलाल सरकार की ओर से प्रदेश के 20 जिलों में अवैध खनन को लेकर एक योजना बनाकर एक बड़ा अभियान शुरू किया गया है इस अभियान के तहत अरावली पर्वतमाला श्रृंखला में एक तरफ जहां अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है तो दूसरी तरफ अरावली पर्वतमाला में वन विभाग को नए पेड़ लगाने को भी कहा गया है लेकिन कहीं ना कहीं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को अब भी यह लगातार शिकायत मिल रही थी कि ब्रज क्षेत्र में निरंतर अवैध खनन हो रहा है तो फिर उन्होंने अपने गिरिराज जी प्रवास के दौरान उन्होंने पूछ उन्होंने पूछरी का लोटा में ही जिला कलेक्टर और अन्य संबंधित विभाग के बड़े अधिकारियों के साथ विशेष बैठक आयोजित करके अपनी ओर से आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए और ब्रज क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन के प्रति अपनी गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री शर्मा ने लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के संकेत भी दे दिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नए साल के अवसर पर बुधवार को गिरिराज जी की दंडवत परिक्रमा लगाई थी यह उनकी पहली दंडवत परिक्रमा थी हालांकि मुख्यमंत्री शर्मा कई सालों से नियमित रूप से गिरिराज जी महाराज के दर्शन के लिए नियमित रूप से यहां आते रहे हैं लेकिन दंडवत रूप में उनकी यह पहले परिक्रमा थी मुख्यमंत्री शर्मा ने अपनी पत्नी के साथ गिरिराज जी के मंदिर में विधिवत रूप से पूजा अर्चना की और प्रदेश के लोगों की खुशहाली और प्रदेश के चौमुखी विकास की अपने आराध्य देव से प्रार्थना भी की नए साल के अवसर पर मुख्यमंत्री की ओर से गिरिराज जी परिसर में भोजन प्रसादी का भी आयोजन किया गया।

### भरतपुर डेवलपमेंट अथॉरिटी से जुड़े अधिकारियों को गंभीरता से कार्य करने के दिए निर्देश

जानकारी के अनुसार भरतपुर दौरे के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भरतपुर के जिला कलेक्टर को भरतपुर डेवलपमेंट अथॉरिटी के कामकाज को लेकर अपनी नाराजगी जताई और कहा कि कहीं ना कहीं लोग भरतपुर डेवलपमेंट अथॉरिटी के कार्यों से संतुष्ट नहीं है इसलिए लोगों की भावनाओं को देखते हुए भरतपुर डेवलपमेंट अथॉरिटी से जुड़े अधिकारियों को गंभीरता से कार्य करने के लिए मुख्यमंत्री शर्मा ने भरतपुर जिला कलेक्टर को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जानकार लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा खुद भरतपुर जिले के नदबई विधानसभा क्षेत्र के रहने वाले हैं और गृह जिला होने के नाते भरतपुर और आसपास के जिलों के विकास कार्यों पर उनकी विशेष निगरानी रहती है हालांकि वैसे तो मुख्यमंत्री शर्मा प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्र और सभी जिलों के विकास कार्यों के बारे में नियमित रूप से संबंधित विभाग के अधिकारियों और संबंधित विभाग के मंत्रियों से अपडेट लेते रहते हैं लेकिन भरतपुर उनके गृह जिला है और मुख्यमंत्री शर्मा अक्सर भरतपुर का दौरा भी करते रहते हैं इस दौरान उन्हें भरतपुर में विभिन्न योजनाओं के तहत चल रहे विकास कार्यों के बारे में सभी जानकारियां नियमित रूप से मिलती रहती है इसी दौरान उन्हें कुछ इस तरह की भी शिकायत मिली कि भरतपुर डेवलपमेंट अथॉरिटी ठीक तरह से अपना कार्य नहीं कर पा रहा है इसलिए मुख्यमंत्री शर्मा ने भरतपुर डेवलपमेंट अथॉरिटी को लेकर अपनी नाराजगी भरतपुर के जिला कलेक्टर से प्रकट की और उन्हें इस दिशा में गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए।

## एसीबी ने हेड कांस्टेबल को 10000 रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा, पुलिस स्टेशन में खलबली मची

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं)** भ्रष्टाचार निरोधक वीरों की टीम ने नए साल के पहले ही दिन प्रदेश के नीमकाथाना सदर पुलिस स्टेशन में तैनात हेड कांस्टेबल को 10000 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी की इस कार्रवाई के बाद में संबंधित थाने में तैनात अधिकारियों और कर्मचारी के चेहरों पर चिंता की लकीर छा गई एसीबी के अधिकारी इस मामले में इस बात की भी जांच पड़ताल कर रहे हैं कि बरामद की गई रिश्वत की रकम में पुलिस स्टेशन में तैनात किसी अन्य अधिकारी का हिस्सा तो निश्चित नहीं था। इस मामले की भी गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है एंटी करप्शन ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त राजेश है जो नीमकाथाना सदा थाने में हेड कांस्टेबल पद पर नियुक्त है जिसने परिवादी से पुलिस में दर्ज एक मामले में आरोपियों का नाम हटाने के बदले रिश्वत की डिमांड की थी। खातेदारी जमीन पर जबरन कब्जे के मामले में 7 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ था इस मामले में आरोपियों का नाम हटाने की आवाज में रिश्वत इस मामले में आरोपियों का नाम हटाने के बदले आरोपी राजेश ने रिश्वत की डिमांड की थी जिसकी शिकायत परिवादी ने एसीबी कार्यालय में दर्ज करवाई एसीबी ने परिवादी की शिकायत का सत्यापन करवाया जिसमें शिकायत सही पाई गई इसके बाद एसीबी ने आरोपी हेड कांस्टेबल राजेश को रंगे हाथों पकड़ने के लिए एक कार्य योजना तैयार की। इसी कार्य योजना के तहत गुरुवार को जैसे ही परिवादी ने आरोपी राजेश को रिश्वत के 10000 रुपए दिए वैसे ही वहां पहले से तैयार बैठे एसीबी के अधिकारियों ने रिश्वत की रकम के साथ राजेश को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया।

## कृत्रिम बुद्धिमत्ता परिवर्तन लाने का शक्तिशाली अवसरः राष्ट्रपति मुर्मू

नई दिल्ली /जयपुर टाइम्स(एजेंसी)

भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को SkillTheNation एआई चैलेंज का शुभारंभ किया। इसके साथ ही राष्ट्रपति मुर्मू ने ओडिशा के रायरांगपुर में इग्नू क्षेत्रीय केंद्र और कौशल केंद्र का वर्चुअल उद्घाटन किया। उन्होंने भारत के भविष्य के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता की परिवर्तनकारी क्षमता पर जोर दिया। राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित एक समारोह में बोलते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता विश्व भर की अर्थव्यवस्थाओं और समाजों को नया आकार दे रही है, जिससे लोगों के सीखने, काम करने और आधुनिक सेवाओं तक पहुंचने के तरीके प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत जैसे युवा देश के लिए, एआई केवल एक तकनीक नहीं बल्कि सकारात्मक और समावेशी परिवर्तन लाने का एक शक्तिशाली अवसर है। उभरती प्रौद्योगिकियों की ओर से आकार दिए जा रहे भविष्य के लिए छात्रों को तैयार देखकर खुशी जताते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने उनसे अपने ज्ञान और कौशल का उपयोग समाज की सेवा करने, चुनौतियों का समाधान करने और दूसरों को सशक्त बनाने के लिए करने का आग्रह किया। उन्होंने मजबूत राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभा के निर्माण में डेटा साइंस, एआई इंजीनियरिंग और डेटा एनालिटिक्स जैसे कौशलों के महत्व पर जोर दिया। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि सरकार संस्थानों, उद्योग भागीदारों और शिक्षाविदों के सहयोग से यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है कि भारत न केवल उन्नत प्रौद्योगिकियों को अपनाए बल्कि एक जिम्मेदार और समावेशी तकनीकी भविष्य का निर्माण भी करे। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप देश को ज्ञान महाशक्ति बनाने के लक्ष्य में योगदान देते हुए एक विकसित भारत के निर्माण के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता का आह्वान किया। यह कार्यक्रम कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय की ओर से आयोजित किया गया था, जो भारत के कार्यबल को एआई-संचालित भविष्य के लिए तैयार करने के सरकार के निरंतर प्रयासों का हिस्सा है।

## भजनलाल शर्मा का नए साल पर तोहफा

# 124 आईएएस आईपीएस और आईएफएस अधिकारियों को मिला नया पदनाम

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नए साल पर प्रदेश के 124 आईएएस आईपीएस और आईएफएस अधिकारियों को पदोन्नति देते हुए उन्हें नया पद नाम दे दिया। कार्मिक विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार अमिताभ शर्मा ऊर्जा विभाग व दिनेश कुमार प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय जन अभियोग निराकरण मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव का पदभार संभालेंगे, वही प्रदूषण नियंत्रण मंडल के अध्यक्ष आलोक गुप्ता और हरिश्चंद्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान महानिदेशक राजेश कुमार यादव के पदों को क्रमोन्नति कर पदोन्नति के बाद मौजूदा पदों पर ही रखा गया है। इसके अलावा पदोन्नति के बाद नवीन जैन को मंत्रिमंडल सचिवालय सामान्य प्रशासन संपदा स्टेट मोटर गैराज व नागरिक उद्यान विभाग के प्रमुख सचिव चीप ऑफ प्रोटोकॉल एवं नागरिक उद्यान महानिदेशक एवं आवासीय आयुक्त की जिम्मेदारी दी है, वही कृष्णकांत पाठक को प्रोफार्मा पदोन्नति दी गई है इनके अलावा नथमल डिडेल को वित्त कर विभाग में विशिष्ट सचिव, अरविंद कुमार पोसवाल को मुख्यमंत्री कार्यालय में विशिष्ट सचिव, इकबाल खान को निशक्तजनआयुक्त एवं विशिष्ट शासन सचिव पद की जिम्मेदारी दी गई है

**इन भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को भी पदोन्नति**

11 अधिकारी जिन्हें सुपर टाइम स्केल में पदोन्नति मिली है उनमें प्रकाश राजपुरोहित, डॉक्टर जितेंद्र कुमार सोनी, इंद्रजीत सिंह, नेहा गिरी, विश्व मोहन शर्मा, कन्हैयालाल स्वामी, नलिनी कठौतिया, राजेंद्र विजय, शक्ति सिंह



राठौड़, प्रज्ञा केवल रामानी और महावीर प्रसाद हैं।

**10 अधिकारी कनिष्ठ प्रशासनिक वेतन श्रंखलामें**

उत्सव कौशल, डॉक्टर गौरव सैनी, श्वेता चौहान, अवधेश मीना, देवेंद्र कुमार, सुशील कुमार, अक्षय गोदारा, श्रीनिधि, डॉक्टर सौम्या झा और डॉ महेंद्र खडगावत।

**12 अधिकारी वरिष्ठ वेतन श्रंखला में**

यक्ष चौधरी, प्रीतम कुमार, यथार्थ शेखर, डॉक्टर अंशु प्रिया, सक्षम गोयल, दिव्यांश सिंह, श्रद्धा गोमे, मोहित कासनिया, शुभम अशोक ,सोनिका कुमारी, श्रेष्ठ और चारु।

**22 अधिकारी सिलेक्शन स्केल में**

आशीष गुप्ता, नथमल डिडेल, नम्रता, कानाराम, हंसदीप, आलोक रंजन, निकाह, गोवाएन, अरविंद पोसवाल, प्रदीप गावडे, महावीर प्रसाद मीणा, खजान सिंह, डॉक्टर रश्मि शर्मा ,लक्ष्मी नारायण मंत्री, इकबाल खान, कल्पना अग्रवाल ,डॉक्टर मनीष अरोड़ा, पुष्पा सत्यनी, पुखराज सेन, श्रुति भारद्वाज, अरुण कुमार पुरोहित, मुकुल शर्मा और अजय सिंह राठौड, भारतीय पुलिस सेवा में दो नए एडीजी बनाए गए जिनमें प्रफुल्ल कुमार और राघवेंद्र सुहासा हैं। इसके अलावा 9 पुलिस महानिरीक्षक बनाए गए जिनमे लवली कटियार, डॉक्टर प्रीती चंद्र, राहुल कोटकी, डॉ विकास पाठक, डॉ राहुल जैन, ओमप्रकाश द्वितीय ,राजेश सिंह, राजेंद्र प्रसाद गोयल और कालूराम रावत तथा 11 नए डीआईजी बनाए गए जिनमें राशि डोगरा, ममता गुप्ता, पूजा अवाना, आदर्श सिद्धू ,डॉक्टर किरण सिद्धू ,जय यादव ,अभिजीत सिंह, शांतनु कुमार ,देवेंद्र कुमार विश्नोई, विनीत कुमार बंसल और नारायण तोगस।

**अब चयन वेतन श्रंखला में**

तेजस्विनी गौतम, चुनाराम जाट, मनीष त्रिपाठी, सुधीर जोशी ,राजकुमार चौधरी, सुरेंद्र सिंह, संजीव नेन, नरेंद्र सिंह एवं योगेश गोयल ।राजश्री राज वर्मा, शैलेंद्र सिंह एवं वंदिता राणा और वरिष्ठ वेतन श्रंखला में उषा यादव, विनय कुमार, पंकज यादव, आदित्य काकडे ,विशाल जांगिड़ और शिवानी हैं


**भजनलाल सरकार का भारतीय वन सेवा अधिकारियों को तोहफा**

अब वन संरक्षक वेतन श्रंखला में डॉक्टर कविता सिंह अजय चित्तौड़ा, अशोक कुमार, हरिकिशन, देवेंद्र प्रताप, संजय प्रकाशभादू, रमेश कुमार, राजेंद्र कुमार, महेंद्र कुमार शर्मा ,सुदर्शन शर्मा और मुकेश सैनी तथा अब चयन वेतन कड़ी में सविता दहिया, हेमंत सिंह और अजीत इसके अलावा अब कनिष्ठ प्रशासनिक वेतन कड़ी में सुनील कुमार, पवार सागर पोपट, अभिमन्यु और रंग स्वामी हैं तथा अब वरिष्ठ वेतन कड़ी में पाटिल, तेजस, विष्णु बड़े ,विवेकानंद मानिकराव, पीबी चेतन ,कुमार बीवी और जी वेंकटेश है।

## कोटा बूंदी के टाइगर रिजर्व में नौ बाघ.और आएंगे, खूबसूरती में उदयपुर को भी पीछे छोड़ेगा बूंदी : ओम बिरला

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** कोटा बूंदी सांसद और लोकसभा अध्यक्ष एवं बिरला ने नए साल के पहले ही दिन बूंदी में आयोजित एक कार्यक्रम में जोर देकर कहा कि आने वाले सालों में खूबसूरती में बूंदी उदयपुर को भी पीछे छोड़ देगा कोटा बूंदी टाइगर रिजर्व में 9 बाघ और आएंगे इसलिए पर्यटन के लिहाज



से आने वाले दिनों में बूंदी राजस्थान ही नहीं बल्कि देश का प्रमुख पर्यटन स्थल बनेगा। बिरला ने कहा कि उन्होंने बूंदी जिले में 3 साल में सभी स्कूल डिजिटल हो जाएंगे तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत में डिजिटल लाइब्रेरी और हेल्थ सेंटर की स्थापना की जाएगी। उन्होंने कहा कि कोटा बूंदी लोकसभा क्षेत्र में खेलों के विकास के लिए 40 करोड रुपए उन्होंने खर्च किए हैं उन्होंने कहा कि बूंदी की लोकेशन हरी भरी पहाड़ियां महल झरने इत्यादि बूंदी की खूबसूरती में चार चांद लगते हैं और बूंदी को और खूबसूरत बनाने के लिए भी केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की भाजपा सरकार सतत रूप से कार्य कर रही है इसके लिए परिवहन सड़क चिकित्सा शिक्षा पानी बिजली हर क्षेत्र में यहां बड़ी संख्या में विकास कार्य हुए हैं उन्होंने कहा कि कोटा बूंदी लोकसभा क्षेत्र के विकास और कल्याण के लिए उन्होंने अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी है और आगे भी वह हमेशा अपने निर्वाचन क्षेत्र के लिए नई-नई सौगातें लाते रहेंगे उन्होंने कहा कि अब वह दिन दूर नहीं जब खूबसूरती और पर्यटन के लिहाज से बूंदी उदयपुर को पीछे छोड़ने वाला है जानकार लोगों का कहना है कि इसमें कोई संदेह नहीं लोकसभा अध्यक्ष पद की बड़ी जिम्मेदारी मिलने के बाद भी ओम बिरला अपने निर्वाचन क्षेत्र कोटा बूंदी का नियमित रूप से दौरा करते रहते हैं और अपने निर्वाचन क्षेत्र के हर गांव तक पहुंचाने की कोशिश करते हैं जब लोकसभा की कार्रवाई चलती है उस दौरान ही ओम बिरला दिल्ली में रहते हैं अन्यथा जब लोकसभा की कार्रवाई नहीं चलती है तो वह अपने निर्वाचन क्षेत्र में ही बाकायदा कार्यक्रम तैयार करके लोगों से मुलाकात करते रहते हैं लोगों के सुख-दुख में शामिल होते रहते हैं और क्षेत्रवार समस्याएं सुनकर उनके निदान का प्रयास भी करते हैं यही वजह है कि उन्होंने तीसरी बार पिछले लोकसभा चुनाव में शानदार सफलता हासिल की।

# भजनलाल शर्मा की डीजे फेस्ट को लेकर मैराथन बैठक, स्टार्टअप के प्रोत्साहन के प्रयास

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** गुरुवार को नए साल के पहले दिन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भरतपुर से जयपुर लौट के बाद बिल्कुल भी आराम नहीं किया और मुख्यमंत्री आवास पर आते ही उन्होंने प्रदेश के विकास से जुड़ी योजनाओं को लेकर मीटिंग लेनी शुरू कर दी ।इसी क्रम में उन्होंने 4 से 6 जनवरी तक आयोजित होने वाले डीजे फर्स्ट को लेकर बैठक आयोजित की जानकारी के अनुसार पिछले दिनों भजनलाल सरकार की कैबिनेट की बैठक में ए आई एम एल पॉलिसी को मंजूरी मिली थी अब 4 से 6 जनवरी तक आयोजित होने वाले डीजे फर्स्ट कार्यक्रम में ए आई एम एल पॉलिसी का विमोचन भी होगा। यह कार्यक्रम प्रदेश में स्टार्टअप को प्रोत्साहन देने के लिए वरदान साबित होगा इसलिए गुरुवार को आयोजित हुई बैठक में डीजे फर्स्ट कार्यक्रम की तैयारी को लेकर विस्तार से सामूहिक चर्चा की गई बैठक में देश-विदेश के इन्वेस्टर ए आई तकनीक से जुड़े विशेषज्ञ लोग स्टार्टअप से जुड़े लोग और विभिन्न विभागों के बड़े प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे जानकारी के अनुसार प्रदेश की भजनलाल सरकार अब प्रदेश के कर भी सरकारी विभागों में ए आई तकनीक को जोर शोर से लागू



करने के प्रयास में है। इसके लिए इसके लिए प्रदेश के स्कूल ऑल कॉलेज में भी इस तकनीक को बढ़ावा देने के प्रयास सरकार की ओर से शुरू किया जा रहे हैं भजनलाल सरकार का मानना है कि इस तकनीक से एक तरफ जहां सरकार के कामकाज में पारदर्शिता आएगी तो दूसरी तरफ प्रदेश के लोगों को भी इस नई तकनीक से काफी फायदा होगा तथा इस नई तकनीक के इस्तेमाल से देश और विदेश के इन्वेस्टर प्रदेश में इन्वेस्ट करने के लिए और भी आकर्षित होंगे क्योंकि वर्तमान में प्रदेश के कई विकसित देशों में युद्ध स्तर पर इस नई तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है इसलिए भारत में भी केंद्र की मोदी सरकार इस नई तकनीक के इस्तेमाल को लेकर काफी गंभीर है इसी क्रम में राजस्थान में भी इस नई तकनीक को बेहतर तरीके से लागू करने के लिए कैबिनेट की बैठक में बाकायदा एक नई पॉलिसी को मंजूरी दी गई और अब इस नई पॉलिसी के माध्यम से प्रदेश में स्टार्टअप को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है ताकि प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा निवेश का माहौल बने और प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा उद्योगों की स्थापना हो ताकि प्रदेश के युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रोजगार मिल सके जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राइजिंग राजस्थान और प्रवासी राजस्थान समारोह का सफल आयोजन करके प्रदेश में नए उद्योगों के स्थापना करने का जो सिलसिला शुरू किया है इस सिलसिले को निरंतर बनाए रखने के लिए भजनलाल शर्मा यह चाहते हैं कि प्रदेश में एआई तकनीक का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल हो ताकि प्रदेश सरकार के कामकाज में नयापन और आधुनिकरण की झलक दिखेगी इसके अलावा इसके कई अच्छे परिणाम भी सामने आएंगे और सरकारी कामकाज में पारदर्शिता और ईमानदारी भी साफ दिखेगी इसलिए इस तकनीक को व्यापक पैमाने पर इस्तेमाल करने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा विशेष रूप से काफी गंभीर और अलर्ट मोड पर दिख रहे हैं

## मुख्यमंत्री शर्मा ने पांच गौरव योजना को लेकर भी बैठक की

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पांच गौरव योजना को लेकर भी मुख्यमंत्री आवास पर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की इस योजना को लेकर मुख्यमंत्री शर्मा शुरू से ही काफी गंभीर रहे हैं इस योजना के माध्यम से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश के हर जिले को एक नई पहचान दिलाने की दिशा में सतत रूप से कार्य कर रहे हैं इस योजना में प्रदेश के प्रत्येक जिले की मुख्य उपज उत्पाद पर्यटन स्थल खेल इत्यादि को चिन्हित करके उनके संरक्षण बढ़ावा और प्रोत्साहन देने के बारे में कार्य किया जा रहा है ताकि जिले को एक अलग पहचान मिल सके मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा यह जानते हैं कि प्रदेश का हर जिला किसी ने किसी विषय में और क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण पहचान और पकड़ रखता है इसलिए उस जिले को उस क्षेत्र में ही और पारंगत और विकसित करने के लिए अब सरकारी स्तर पर भी विशेष रूप से प्रयास किए जाएंगे सरकार विशेष रूप से प्रोत्साहित करेगी ताकि उस जिले के लोगों को एक नया सम्मान और एक नई पहचान मिलसके इसलिए यह पांच गौरव योजना प्रदेश के विकास के लिए तो काफी सहायक साबित होगी ही इसके अलावा प्रदेश के सभी जिलों को राजस्थान में ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय व्यापी पहचान भी मिल सकेगी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का प्रयास है कि राजस्थान का प्रत्येक जिला अपनी उन्नति और अपने विकास की एक नई यात्रा शुरू करें क्योंकि राजस्थान का प्रत्येक जिला किसी न किसी क्षेत्र में अपार क्षमता खुद में समेटे भी है इसलिए भजनलाल सरकार उस जिले की छिपी हुई क्षमता और प्रतिभा को निखारने और उजागर करने के लिए इस महत्वपूर्ण पांच गौरव योजना की शुरुआत की और इसी क्रम में भजनलाल शर्मा नियमित रूप से इस योजना को लेकर आवश्यक बैठक भी करते रहते हैं और लगातार इस योजना का फीडबैक लेकर अपनी ओर से आवश्यक दिशा निर्देश भी देते रहते हैं गुरुवार को भी उन्होंने मुख्यमंत्री आवास पर इस योजना को लेकर विशेष बैठक आयोजित की और अपनी ओर से आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, शुक्रवार
2 जनवरी, 2026

## त्रिपोलिया में हुआ पौष बड़े का उत्सव, श्रद्धालुओं ने पाया प्रसाद, किए महाकाल बाबा की झांकी के दर्शन

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** त्रिपोलेश्वर महादेव मंदिर में गुरुवार को पौष बड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर के महंत जितेंद्र खेड़ापति ने बताया कि पौष बड़ा महोत्सव के अवसर पर गुरुवार को त्रिपोलिया महादेव मंदिर में महाकाल रूप की आकर्षक झांकी सजाई गई। वहीं शाम को मंदिर में महा आरती की गई। इसके बाद महादेव जी को पौष बड़ा का भोग लगाकर श्रद्धालुओं को पौष बड़ा का प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने महाकाल के रूप में बाबा भोले नाथ के दर्शन किए और फिर प्रसाद ग्रहण किया। प्रसाद में दाल की पकौड़ी एवं हलवे भोग वितरण किया गया।

## आगामी नर्सिंग ऑफिसर भर्ती को मेरिट.बोनस के आधार पर कराने की मांग को लेकर संविदा नर्सिंग कार्मिको ने अपने खून से पोस्ट कार्ड लिखे मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री के नाम



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** शहीद स्मारक अलवर पर राजस्थान नर्सेज भर्ती संघर्ष समिति के बैनर तले सभी संविदा कार्मिक एकत्रित हुए ओर आगामी नर्सिंग ऑफिसर भर्ती को मेरिट. बोनस के आधार पर करवाने के लिए अपने खून से 500 पोस्ट कार्ड मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री के नाम लिखा है। जिलाध्यक्ष उत्सव शर्मा ने बताया कि नववर्ष पर गुरुवार को सभी संविदा कार्मिको ने शहीद स्मारक अलवर पर एकत्रित होकर मुख्यमंत्री एवं चिकित्सा मंत्री, राजस्थान सरकार से आगामी नर्सिंग ऑफिसर भर्ती को मेरिट+ बोनस (10,20,30) के आधार पर करवाने के लिए अपने खून से 500 पोस्ट कार्ड लिख कर भेजे और मांग की कि जल्दी से जल्दी आगामी भर्ती मेरिट + बोनस के आधार पर विज्ञप्ति जारी करे, क्योंकि संविदा कार्मिक लम्बे समय से अल्पवेतन पर कार्य कर अपना जीवन यापन कर रहे है। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में संविदा कार्मिक शामिल रहे।

## वन राज्यमंत्री शर्मा ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्व. समर्थ लाल मीणा की जयन्ती पर की श्रृद्धांजलि अर्पित



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने राजगढ़ क्षेत्र के ग्राम ठेकड़ीन पहुंचकर राजस्थान विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष स्व .समर्थ लाल मीणा की जयंती पर उनकी समाधि पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। वन राज्यमंत्री ने इस दौरान कहा कि विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष स्व. समर्थ लाल मीणा संसदीय परम्पराओं, नियमों के बडे विद्वान थे। वे राजनीति में सुचिता के प्रतीक रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के साथ अनेक युवाओं को राजनीति में आगे बढाया। उन्होंने कहा कि उनके दिखाए मार्ग पर चलकर जनसेवा एवं विकास को गति प्रदान करने का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान बडी संख्या में उपस्थित लोगों ने श्रृद्धांजलि अर्पित कर नारों का उद्घोष किया।

## जिले में अवैध खनन / निर्गमन / भण्डारण के विरूद्ध अभियान में अलवर पुलिस द्वारा अवैध खनन माफिया पर की ताबडतोड कार्यवाही






जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** सुधीर चौधरी (आई.पी.एस.) पुलिस अधीक्षक जिला अलवर ने जानकारी देते हुए बताया कि कांबले शरण गोपीनाथ (आई.पी.एस.) अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) जिला अलवर व डॉ. प्रियंका अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जिला अलवर में अवैध खनन / निर्गमन / भण्डारण के विरूद्ध चलाये गये अभियान के दौरान पुलिस टीम की अभियान के तहत ईलाका थाना सदर में 01 ट्रैक्टर ट्रॉली पत्थर, ईलाका थाना बगड़ तिराहा में 01 ट्रैक्टर ट्रॉली पत्थर, अरावली विहार में 01 ट्रेक्टर-ट्रॉली बजरी व 01 बजरी लोडर ट्रेक्टर के जब्त कर कार्यवाही की गई। इसके अतिरिक्त विभिन्न स्थानों पर अवैध खनन के विरूद्ध सर्च अभियान जारी रहेगा।

# ओर्गानिज़िंग टीम ने जिला कलक्टर को दिया 'राजमेडिकॉन 2026-अमृतम्' भिवाड़ी का निमंत्रण

### आयोजन होगा 10 व 11 जनवरी को

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) राजस्थान राज्य की 28 वीं राज्य स्तरीय वार्षिक चिकित्सा सम्मेलन 'राजमेडिकॉन 2026 : अमृतम' का आयोजन आईएमए भिवाड़ी के तत्वावधान में 10 एवं 11 जनवरी 2026 को ओम शांति रिट्रीट सेन्टर ओआरसी (हरुष्ट), बिलासपुर में किया जा रहा है। इसी क्रम में ओर्गानिज़िंग चेयरपर्सन डॉ. रूप सिंह, ओर्गानिज़िंग सेक्रेटरी डॉ. अजय गोयल तथा




ओर्गानिज़िंग कमेटी सदस्य डॉ. एस.सी.मित्तल ने जिला कलक्टर अलवर डॉ. अर्तिका शुक्ला से शिष्टाचार मुलाक़ात कर कांफ्रेंस में आने का निमंत्रण पत्र एवं स्मारिका प्रदान की तथा मुलाकात के दौरान कांफ्रेंस के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। कांफ्रेंस के ओर्गानिज़िंग चेयरपर्सन डॉ. रूप सिंह ने बताया कि इस दो दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मेलन में राजस्थान सहित देश के विभिन्न भागों से लगभग 1000 चिकित्सक प्रतिनिधि भाग लेंगे। सम्मेलन के दौरान चिकित्सा विज्ञान के विभिन्न विषयों पर हो रहे नवीनतम अनुसंधान, तकनीकी प्रगति एवं आधुनिक उपचार पद्धतियों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। कांफ्रेंस के ओर्गानिज़िंग सेक्रेटरी डॉ. अजय गोयल ने बताया कि सम्मेलन में देश के प्रतिष्ठित एवं अनुभवी लगभग 30 विशेषज्ञ वक्ता चिकित्सा क्षेत्र में हाल के उन्नत विषयों पर व्याख्यान देंगे, जिससे चिकित्सकों को अद्यतन ज्ञान प्राप्त होगा तथा रोगी-सेवा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने में सहायता मिलेगी। राजमेडिकॉन 2026 : अमृतम् न केवल एक शैक्षणिक मंच होगा, बल्कि यह चिकित्सक समुदाय के बीच आपसी संवाद, सहयोग एवं पेशेवर सशक्तिकरण को भी प्रोत्साहित करेगा। इस आयोजन से भिवाड़ी एवं अलवर जिला चिकित्सा शिक्षा और अकादमिक गतिविधियों के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहचान स्थापित करेगा। आयोजन समिति में डॉ. रूप सिंह -अध्यक्ष, डॉ. नीरज अग्रवाल -सह-अध्यक्ष, डॉ.अजय गोयल - आयोजन सचिव, डॉ. मुदित मित्तल - संयुक्त सचिव, डॉ. मनीष चौहान - कोषाध्यक्ष आयोजन समिति के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में इस राज्य स्तरीय सम्मेलन को सफल एवं यादगार बनाने हेतु सभी तैयारियाँ पूर्ण की जा रही हैं।

## अलवर में बॉक्सिंग के जनक स्व. श्याम बहादुर टौंगडा की पुण्यतिथि श्रद्धा से मनाई



### श्रद्धांजलि समारोह में राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय पदक विजेता बॉक्सरों का सम्मान

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिले में बॉक्सिंग खेल को नई पहचान दिलाने वाले, जिले में बॉक्सिंग के जनक एवं इस खेल की नींव रखने वाले स्व. श्याम बहादुर टौंगडा की पुण्यतिथि श्रद्धा, सम्मान और भावुक वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर टौंगडा परिवार, जिला बॉक्सिंग संघ अलवर तथा भूतपूर्व एवं वर्तमान बॉक्सरों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में वक्ताओं ने स्व. टौंगडा के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि उनके अथक प्रयासों से अलवर बॉक्सिंग के क्षेत्र में राज्य ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सका है। उनके द्वारा बोया गया खेल अनुशासन और समर्पण का बीज आज अनेक प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के रूप में फल-फूल रहा है।

### पदक विजेता खिलाड़ियों का हुआ सम्मान

श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान विभिन्न राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इनमें तरुण शर्मा, हैदर अली खान, जयंत सैनी, दिव्यांशु योगी, मोहम्मद उमर खान, अंशुल सैनी, मोहम्मद अजीज खान, दिशा गौड़, चारु यादव, आयुषी, विष्णु, अमन महिवाल, अरमिंदर एवं आर्यन फौजदार प्रमुख रूप से शामिल रहे।

### परिवार व जिला बॉक्सिंग संघ की गरिमामयी उपस्थिति

कार्यक्रम में टौंगडा परिवार की ओर से लता टौंगडा, मनोज टौंगडा, देवांशु टौंगडा सहित परिवारजन उपस्थित रहे। वहीं जिला बॉक्सिंग संघ अलवर की ओर से संघ अध्यक्ष दिनेश भार्गव, सचिव देवेंद्र सिंह रावत, संजय शुक्ला, महावीर प्रसाद राजोरिया, विनीत जुनेजा, भूपेंद्र सिंह राठौड़, अजीत यादव, कोच संजीव शर्मा सहित अनेक प्रशिक्षक, खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी मौजूद रहे।

### आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा

सभी वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि स्वर्गीय श्याम बहादुर टौंगडा का जीवन खेल, अनुशासन और समर्पण का प्रतीक रहा है। उनके द्वारा स्थापित बॉक्सिंग की मजबूत नींव आज अलवर को राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी दे रही है और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनी रहेगी।

## राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह-2026 का हुआ शुभारम्भ

### अभियान के पहले दिन की गई समझाइश एवं प्रवर्तन कार्रवाई

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय काम्बले शरण गोपीनाथ के नेतृत्व में राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह-2026 के पहले दिन भगतसिंह सर्किल पर आमजन को यातायात नियमों की जानकारी प्रदान कर सीट बेल्ट एवं हेलमेट नहीं लगाने वाले वाहन चालकों को फूलों की माला पहनाकर एवं चॉकलेट प्रदान कर यातायात नियमों की पालना हेतु प्रोत्साहित किया गया। प्रादेशिक परिवहन अधिकारी रवीन्द्र जोशी ने बताया कि इस दौरान सडक सुरक्षा हेतु जन जागरूकता बढाने के लिए आमजन को यातायात नियमों की जानकारी वाली पुस्तिका/पम्पलेट वितरित की गई। साथ ही परिवहन उडनदस्ता प्रभारी द्वारा करीब 50 वाहनों पर आवश्यकतानुसार एआईएस 90 मानक वाली रिफलेक्टिव टेप लगाई गई। उन्होंने बताया कि परिवहन एवं



सडक सुरक्षा विभाग द्वारा 31 जनवरी तक संचालित सडक सुरक्षा माह के तहत विभागीय समन्वय से प्रवर्तन कार्रवाई, जनजागरूकता, यातायात नियमों का प्रचार-प्रसार जैसी गतिविधियां आयोजित होंगी। इस दौरान अतिरिक्त प्रादेशिक परिवहन अधिकारी ललित कुमार गुप्ता, जिला परिवहन अधिकारी सविता भारद्वाज, परिवहन उडनदस्ता प्रभारी अमर सिंह मय सुरक्षाकर्मी एवं पुलिस विभाग से उप निरीक्षक संजय शर्मा, प्रभारी यातायात एवं संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## सफाई मित्रों की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु 'सफाई मित्र समस्या समाधान शिविर' आयोजित

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई मित्रों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर किया सम्मानित

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा पुराना सूचना केंद्र में सफाई मित्रों की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु 'सफाई मित्र समस्या समाधान शिविर' का आयोजन किया गया। नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य सफाई मित्रों के स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं कार्य से जुडी समस्याओं का प्रभावी समाधान करना रहा। उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान सफाई मित्रों के लिए विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित कर उनके स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया।साथ ही कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की अनहोनी, दुर्घटना अथवा बीमारी की स्थिति में सफाई मित्रों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से उनका स्वास्थ्य एवं दुर्घटना बीमा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा




योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत कराया गया। वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कर्मचारियों को मुख्यमंत्री आयुष्मान योजना के लाभ की जानकारी प्रदान की और उससे जुडने की प्रक्रिया भी समझायी। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई मित्रों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी सफाई मित्रों से संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनकर संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने नववर्ष के उपलक्ष्य में सभी सफाई मित्रों को शुभकामनाएं दी तथा मिठाई वितरित कर उनका मनोबल बढाया।

## जिला कलक्टर ने ली जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक



### परिवादियों से रैण्डम आधार पर परिवेदनाओं के निस्तारण का फीडबैक लेंगे अधिकारी

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर राजस्थान सम्पर्क पोर्टल व आमजन की परिवेदनाओं से जुड़े प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा कर निर्देश दिए कि प्रत्येक परिवेदना का संवेदनशीलता के साथ समयबद्ध एवं गुणवत्ता के साथ निस्तारण करें। जिला कलक्टर ने विभागवार लंबित परिवेदनाओं की समीक्षा कर जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिले में किसी भी विभाग में 15 दिन से अधिक कोई भी परिवेदना लंबित नहीं रहे। उन्होंने निर्देश दिये कि प्रतिदिन संबंधित सभी अधिकारी राजस्थान सम्पर्क पोर्टल को ओपन कर परिवेदनाओं का निस्तारण करें। उन्होंने निर्देश दिये कि परिवेदना का निस्तारण कर परिवादी को इसकी सूचना दूरभाष के जरिये दी जानी सुनिश्चित करें। उन्होंने सहायक निदेशक लोक सेवाएं को निर्देश दिये कि प्रतिदिन रैण्डम आधार पर 10 परिवेदनाओं के परिवादियों से दूरभाष से बात कर उनकी परिवेदना के निस्तारण के संबंध में फीडबैक लेवे। साथ ही उन्होंने कहा कि राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर परिवेदनाओं के निराकरण में किसी भी प्रकार के तकनीकी सहयोग एवं इसके प्रशिक्षण हेतु सहायक निदेशक लोक सेवाएं से समन्वय करें। उन्होंने कहा कि परिवेदनाओं के निराकरण में लापरवाही व शिथिलता पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जावेगी। बैठक में यूआईटी की सचिव धाईगुडे स्नेहल नाना, एडीएम द्वितीय योगेश डागुर, डीएफओ अलवर राजेन्द्र हुड्डा, नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता भूरी सिंह, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता रमेश चंद सैनी, विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता आर.एस बंसल, सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र शर्मा, डीटीओ सविता भारद्वाज, डीएसओ विनोद जुनेजा सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## कृषि एवं उद्यानिकी विभाग मंत्री डॉ. मीणा ने 'रैणी प्रीमियर लीग' के समापन समारोह में की शिरकत

### केंद्र व राज्य सरकार खेल व खिलाडी को आगे बढाने के लिए प्रतिबद्ध - कृषि मंत्री डॉ. मीणा

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** कृषि एवं उद्यानिकी विभाग मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा ने रैणी में आयोजित 'रैणी प्रीमियर लीग' के समापन समारोह में शिरकत कर खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की। कृषि मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा ने आमजन को संबोधित करते हुए नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने खेल प्रतिभाओं को यह शानदार मंच प्रदान करने के लिए आयोजकों के प्रयासों की सराहना की और खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने क्षेत्र की युवाशक्ति और आयोजकों द्वारा किए गए आत्मीय स्वागत और सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार खेल व खिलाडियों को आगे बढाने के लिए अपनी नीतियों व योजनाओं के माध्यम से बेहतरीन प्लेटफार्म उपलब्ध करा




रही है, जिसमें खेल इंडिया गेम जैसे योजनाएं मील का पत्थर साबित हो रही है, जिससे दूर-दराज की प्रतिभाओं को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर तक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर मिला है। साथ ही खिलाडियों को सरकारी सेवाओं में भी उनकी उपलब्धि के आधार पर नौकरी प्रदान की जा रही है। सांसद खेल उत्सव से भी जिले में खेल का माहौल तैयार हुआ है। इस दौरान विधायक मांगेलाल मीणा भी मौजूद रहे।

## जनसुनवाई में तिजारा विधायक का जनता से संवाद

### युवाओं का सनातन की ओर लौटना राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य का संकेत - महंत बालकनाथ

जयपुर टाइम्स

**तिजारा(निसं.)।** तिजारा विधायक महंत बालकनाथ योगी ने विधानसभा क्षेत्र के भिवाड़ी, टपूकड़ा एवं तिजारा में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रमों के दौरान आमजन



की समस्याएं गंभीरता से सुनीं तथा उनके शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों को निरंतर गति दी जा रही है तथा जनहित से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधायक ने कहा कि वर्ष 2026 विधानसभा क्षेत्रवासियों के लिए नई उम्मीदें और बेहतर सुविधाएं लेकर आएगा। शिक्षा, सड़क, बिजली, पानी सहित मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं ताकि आमजन को राहत मिल सके। महंत बालकनाथ योगी ने कहा कि वर्तमान समय में युवा पीढ़ी पाश्चात्य संस्कृति, नशे और भटकाव से दूर होकर सनातन संस्कृति, संत दर्शन और तीर्थ यात्राओं की ओर अग्रसर हो रही है। यह परिवर्तन समाज और राष्ट्र के लिए सकारात्मक संकेत है। देश के प्रमुख तीर्थ स्थलों, देवालयों एवं संत आश्रमों में युवाओं की बढ़ती सहभागिता भारत की सांस्कृतिक चेतना के पुनर्जागरण को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ जैसे ऐतिहासिक आयोजनों के बाद नए वर्ष के स्वागत में भी गंगा घाटों, मथुरा-वृंदावन सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर युवाओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही है। यह दर्शाता है कि युवा पीढ़ी राष्ट्र सेवा और सामाजिक दायित्वों के प्रति सजग हो रही है। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राम मंदिर स्थापना और तीर्थ क्षेत्र विकास जैसे ऐतिहासिक कार्यों से सनातन संस्कृति को नई ऊर्जा मिली है। आने वाला समय भारत के लिए स्वर्णिम युग सिद्ध होगा और देश एक बार फिर विश्व गुरु के रूप में अपनी पहचान स्थापित करेगा।

## मानक चौक थाना पुलिस ने 10000 के इनामी बदमाश तोहिद खान को किया गिरफ्तार, 10 किलो चांदी भी बरामद

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मानक चौक थाना पुलिस ने नए साल के पहले दिन एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए 10000 रुपए के इनामी बदमाश तोहिद खान को गिरफ्तार किया है खान से लूटी गई 10 किलो चांदी भी बरामद की गई है पुलिस गिरफ्तार अभियुक्त से गहनता से पूछताछ कर रही है फरारी की अवधि के दौरान खान कहां कहां रहा किस-किस ने उसकी शरण दी और कैसे और किस तरह से वह पुलिस को चकमा देता रहा इन सब के बारे में पुलिस खान से गहनता से पूछताछ कर रही है जानकारी के अनुसार चांदी लूट के बड़े प्रकरण के मामले में पुलिस ने पहले ही तीन बदमाशों को अरेस्ट कर लिया था गिरफ्तार किए गए बदमाशों से पूछताछ के आधार पर फरार तोहिद खान की तलाश में पुलिस की टीम लगातार उसका पीछा कर रही थी खान के परिजनों मित्रों और रिश्तेदारों और दोस्तों की गतिविधियों पर भी पुलिस की कड़ी निगरानी थी पुलिस ने इसे पकड़ने के लिए10000 रुपए इनाम की घोषणा भी की हुई थी तमाम तरह से पुलिस आरोपी खान का हाथ धोकर पीछा पड़ी हुई थी अंतत पुलिस को इसे पकड़ने में कामयाबी मिली है और खान के कब्जे से लूटी की 10 किलो चांदी भी बरामद की गई है अब खान के संपर्क सूत्रों का भी पता लगाया जा रहा है और जिस जिसने फरारी के दौरान खान की मदद की उनको भी पुलिस अरेस्ट करने की तैयारी में है जानकारी के अनुसार नए साल के पहले ही दिन एक बड़े अपराधी को अरेस्ट करके जयपुर पुलिस ने अपने इरादे साफ कर दिए हैं क्योंकि तोहिद खान अपराधिक प्रवृत्ति का है और इससे कई और गंभीर मामलों का खुलासा होने की उम्मीद है पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अगर तोहिद को गिरफ्तार नहीं किया जाता तो वह फिर कोई बड़ी अपराध की घटना को अंजाम देने की फिराक में था इसलिए शहर पुलिस के बड़े अधिकारियों ने तोहिद खान की गिरफ्तारी मे भूमिका अदा करने वाले पुलिस कर्मियों की प्रशंसा भी की है उल्लेखनीय है की राजधानी जयपुर के मानक चौक थाना इलाके में एक ज्वेलरी की दुकान से 57 किलो चांदी लुटने के मामले में तोहिद खान मुख्य अपराधी था और इस पूरी घटना का मास्टरमाइंड था जो फरार चल रहा था अब इसे टोंक के निवाई क्षेत्र से पुलिस ने अरेस्ट किया है।

## आंगनबाड़ी केन्द्र पर महिला समूह बैठक कर दिया जल संरक्षण का संदेश




जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मंडावा शहर में नई पेयजल वितरण प्रणाली का कार्य राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना की सामुदायिक जागरूकता व जन सहभागिता कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को शहर के आंगनबाड़ी केन्द्र वार्ड नं-02 पर महिला समूह बैठक के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सरकार की ओर से चलाई जा रही लाभकारी जल वितरण योजनाओं के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर सामुदायिक विकास अधिकारी अनिल रुहेला ने जल संरक्षण के महत्व को समझाते हुए कहा कि जल है तो कल है, और हमें जल संरक्षण को अपनी आदत में शामिल करना चाहिए। उन्होंने बताया कि पानी के बिना जीवन की कल्पना असंभव है और जल का सदुपयोग ही आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ जल की उपलब्धता सुनिश्चित कर सकता है साथ ही सीएमएससी के योगेश आत्रेय ने बताया कि इस योजना के तहत मंडावा शहर में जल आपूर्ति मीटरयुक्त और पर्याप्त मात्रा में की जा रही हैं। जल संकट को देखते हुए जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। बढ़ती जनसंख्या, शहरीकरण और औद्योगीकरण के कारण प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता घट रही है और जल संसाधनों की गुणवत्ता भी प्रभावित हो रही है। यदि हमने अभी जल का संरक्षण नहीं किया, तो भविष्य में स्वच्छ जल की उपलब्धता एक गंभीर समस्या बन जाएगी। इस अवसर पर मैसर्स एल.एन.ए. आर एण्ड बी (जेवी) के सोशल आउटरीच टीम के संदीप स्वामी और कुलदीप सिंह शेखावत सहित महिलाएं उपस्थित रही।


### प्रदेश कांग्रेस में 7 जनवरी तक पांच नए जिला अध्यक्षों के नाम की हो जाएगी घोषणा : गोविंद सिंह डोटासरा

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने नए साल के पहले दिन पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि इसी सप्ताह 7 जनवरी तक प्रदेश कांग्रेस में पांच नए जिला अध्यक्षों की घोषणा हो जाएगी डोटासरा ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस में संगठन को मजबूत करने के लिहाज से वर्ष 2025 का साल बहुत ही उपलब्धि वाला रहा है वर्ष 2025 में प्रदेश कांग्रेस में एक तरफ जहां ब्लॉक जिला मंडल और बूथ स्तर पर पार्टी की कार्यकारिणी का गठन हुआ और प्रदेश में 40 जिलों में कांग्रेस के नए अध्यक्षों की घोषणा होने के साथ ही 10 नए जिले बनाए गए इस तरह से अब 50 नए जिले कांग्रेस पार्टी में स्थापित हुए हैं इसके अलावा नगर निकायों में भी पार्टी के संगठन को मजबूत बनाने में कई तरह की गतिविधियां हुई और कई तरह के निर्णय लिए गए तथा पार्टी की ओर से वर्ष 2025 में जितने भी कार्यक्रम आयोजित हुए वह सभी कार्यक्रम शानदार तरीके से संपादित हुए पार्टी की ओर से जिला स्तर पर मंडल स्तर पर ब्लॉक स्तर पर धरने प्रदर्शन रेलिया इत्यादि सभी तरह के कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपादित किए गए प्रदेश में कांग्रेस पार्टी का संगठन काफी मजबूत हुआ है और कांग्रेस एकजुट होकर जनता के हितों की लड़ाई लड़ रही है।

# प्रदेश में सरकारी स्कूलों में नवाचार, प्रार्थना सभा में रोजाना अखबार पढ़ना जरूरी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में सभी सरकारी स्कूलों में नए साल की शुरुआत के साथ ही शिक्षा विभाग ने एक नए नवाचार की शुरुआत करते हुए स्कूलों में आयोजित प्रार्थना सभा में अखबार पढ़ना भी अनिवार्य कर दिया गया है रोजाना प्रार्थना के बाद कक्षा 6 से कक्षा 12 के विद्यार्थियों में से बारी-बारी से छात्र रोजाना दैनिक अखबार की प्रमुख राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय और खेल संबंधी खबरों को प्रार्थना में पढ़ेंगे रोजाना एक हिंदी अखबार और एक इंग्लिश अखबार में से प्रमुख खबरें पढ़कर सुनने की जिम्मेदारी स्कूल प्रशासन की ओर से छात्रों को दिया



जाना सुनिश्चित किया गया है शिक्षा जगत से जुड़े विशेषज्ञ लोगों का कहना है कि सरकार की ओर से स्कूलों में प्रार्थना सभा में अखबार पढ़ने का जो यह सिलसिला शुरू किया गया है यह निश्चित रूप से स्वागत योग्य है इस प्रयोग से एक तरफ जहां छात्रों को राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय जगत से जुड़ी खबरों के बारे में नियमित रूप से जानकारी मिलती रहेगी जिसकी वजह से उनके जनरल नॉलेज में वृद्धि होगी तथा अखबार पढ़ने के प्रति छात्रों में जागृति पैदा होगी जो उनके आगे के करियर के लिए काफी अच्छी साबित होगी क्योंकि आजकल हर किसी सरकारी भर्ती परीक्षा में जनरल नॉलेज का पेपर जरूर होता है और जनरल नॉलेज के पेपर में राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय खेल और अन्य विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी खबरें अखबारों में नियमित रूप से छपती रहती है इसलिए रोजाना प्रार्थना सभा में जब स्टूडेंट इन खबरों को पढ़कर प्रार्थना में मौजूद अन्य स्टूडेंटों को बताएंगे तो यह छात्रों के जनरल नॉलेज के लिए एक बहुत अच्छा प्रयास साबित होगा जानकार लोगों का कहना है कि पूर्व में कई साल पहले प्रदेश के स्कूलों में कई जगहों पर प्रार्थना में स्कूल के छात्रों की ओर से ही अखबार की खबरें पढ़कर सुनाई जाती थी इसके अलावा प्रार्थना सभा में जनरल नॉलेज के बारे में भी रोजाना बताया जाता था यहां तक की प्रार्थना सभा में छात्र एक काफी लेकर आया करते थे और इस काफी में जनरल नॉलेज की बातों को दर्ज किया करते थे लेकिन यह सिलसिला बाद में स्कूलों में बंद हो गया अब जिस तरह से फिर से राजस्थान सरकार के शिक्षा विभाग की ओर से प्रार्थना सभा में अखबार पढ़ना जरूरी सुनिश्चित किया गया है तो जाहिर तौर पर यह नया प्रयोग छात्रों के लिए बहुत ही अच्छा साबित होगा और इससे छात्रों के ज्ञानवर्धन में जबरदस्त इजाफा होगा इसके अलावा छात्र नियमित रूप से राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हो रही गतिविधियों से रूबरू भी होते रहेंगे जिससे उनकी पर्सनालिटी में अच्छा निखार आएगा जानकार लोगों का कहना है कि जब से शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी मदन दिलावर के हाथों में आई है तब से ही मदन दिलावर रोजाना नए-नए नवाचार और नए-नए प्रयोग शिक्षा विभाग में कर रहे हैं यह प्रयास उनके सार्थक प्रयास कहे जा सकते हैं।

## सवाई माधोपुर जिला उद्योग केंद्र में यूडीसी को 25000 की रिश्वत लेते पकड़ा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भ्रष्टाचार निरोधक वीरों की टीम ने नए साल के पहले ही दिन प्रदेश के सवाई माधोपुर में जिला उद्योग केंद्र में नियुक्त यूडीसी को 25000 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम गिरफ्तार अभियुक्त सूर्य प्रकाश से गहनता से पूछताछ कर रही है एसीबी की टीम गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ कर यह भी पता लग रही है कि बरामद की गई रिश्वत की रकम में किसी अन्य अधिकारी का हिस्सा तो निश्चित नहीं है एसीबी की टीम सूर्य प्रकाश के विभिन्न ठिकानों पर भी सर्च अभियान को अंजाम दे रही है तथा जिला उद्योग केंद्र में सूर्य प्रकाश के दफ्तर में मौजूद सभी प्रकार की पत्रावलियों दस्तावेज कंप्यूटर डाटा डिजिटल डाटा इत्यादि को कब्जे में कर इन सब दस्तावेजों की गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है एसीबी के अधिकारियों को संदेह है कि गिरफ्तार अभियुक्त सूर्य प्रकाश बिना पैसा लिए दिए कोई कार्य नहीं करता था इसलिए सूर्य प्रकाश की ओर से हाल ही में संपादित की गई विभिन्न तरह की फाइलों की गहनता से जांच पड़ताल कर रही है एंटी करप्शन ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त सूर्य प्रकाश सवाई माधोपुर जिला उद्योग केंद्र में यूडीसी पद पर नियुक्त है जिसने परिवार से सब्सिडी की राशि का भुगतान करने के बदले



रिश्वत की डिमांड की थी जिसकी शिकायत परिवादी ने एंटी करप्शन ब्यूरो कार्यालय में दर्ज करवाई ब्यूरो के अधिकारियों ने परिवादी की शिकायत का सत्यापन करवाया जिसमें शिकायत सही पाई गई इसके बाद एसीबी ने आरोपी सूर्य प्रकाश को रंगे हाथों पकड़ने के लिए एक कार्य योजना तैयार की इसी कार्य योजना के तहत गुरुवार को जैसे ही परिवादी ने आरोपी सूर्य प्रकाश को रिश्वत के 25000 रुपए दिए वैसे ही वहां पहले से तैनात एसीबी के अधिकारियों ने रिश्वत की रकम के साथ सूर्य प्रकाश को मौके पर ही अरेस्ट कर लिया एसीबी की इस कार्रवाई के बाद सवाई माधोपुर जिला उद्योग केंद्र में देना अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों के चेहरों पर चिंता की लकीर छा गई है।

## उत्तर पश्चिम के महाप्रबंधक अमिताभ ने रेलवे के वर्ष 2026 के कैलेंडर का किया विमोचन और रेल कर्मियों से की मुलाकात

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ ने गुरुवार को नववर्ष के अवसर पर उत्तर पश्चिम रेलवे के द्वारा प्रकाशित विभागीय कैलेंडर वर्ष 2026 का विमोचन किया। नववर्ष 2026 के कैलेंडर में उत्तर पश्चिम रेलवे के क्षेत्राधिकार में संचालित होने वाली वंदे भारत ट्रेनों को आकर्षक तरीके से प्रस्तुत किया गया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार अमिताभ, महाप्रबंधक-उत्तर पश्चिम रेलवे ने वर्ष 2026 के कैलेंडर का विमोचन किया। कैलेंडर में उत्तर पश्चिम रेलवे के क्षेत्राधिकार में संचालित होने वाली वंदे भारत ट्रेनों को प्रदर्शित किया गया है। उल्लेखनीय है कि उत्तर पश्चिम रेलवे के क्षेत्राधिकार में 6 जोड़ी वंदे भारत ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है यह वंदे भारत ट्रेने आमजन में बेहद लोकप्रिय है और यात्रियों को उत्कृष्ट सुविधाओं के साथ तीव्र व सुगम परिवहन उपलब्ध करवा रही है। कैलेंडर में वर्ष 2026 में आने वाले राजपत्रित व प्रतिबंधित अवकाशों को बेहतर व आकर्षक रूप में दर्शाया गया है। इस कैलेडर के प्रकाशन से रेलकर्मियों को कार्ययोजना के अनुरूप कार्य निष्पादित करने में सहायता मिलेगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ ने नववर्ष के



अवसर पर प्रधान कार्यालय में कार्यरत रेलकर्मियों से उनके कार्यस्थल पर जाकर मुलाकात की और उन्हें शुभकामनाएं प्रदान की। इसके साथ ही कर्मचारियों से उनको दिन प्रतिदिन के कार्यों के बारे में बातचीत की। अमिताभ ने विभागाध्यक्षों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें नववर्ष के अवसर पर अपने लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करने का संकल्प लेना चाहिए और कर्मचारियों को बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करने की बात कहीं। महाप्रबंधक ने विभागाध्यक्षों को वर्ष 2026 के लिए लक्ष्य निर्धारित करने तथा कार्यप्रणाली को और बेहतर बनाने के लिए निर्देश प्रदान किए। कैलेंडर विमोचन के अवसर पर अशोक माहेश्वरी अपर महाप्रबंधक तथा विभागाध्यक्ष व अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## राज्यपाल ओम माथुर ने मदन मोहन मंदिर और केला देवी मंदिर के दर्शन किए, कलेक्टर और एसपी ने की अगवानी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** सिक्किम के राज्यपाल ओम माथुर ने गुरुवार को नए साल के पहले दिन अपने आराध्य देव करौली स्थित मदन मोहन मंदिर गए जहां मंदिर प्रशासन की ओर से उनकी अगवानी की गई मंदिर के पुजारी ने अपने हाथों से माथुर से पूजा करवाई इस मौके पर माथुर के साथ विधायक दर्शन गुर्जर सहित कई अन्य जनप्रतिनिधि और भारतीय जनता पार्टी के नेता भी मौजूद रहे माथुर ने करौली में ही नागरिक अभिनंदन समारोह में भी अपनी उपस्थिति दिखाई इसके बाद माथुर ने विख्यात केला देवी मंदिर के भी दर्शन किए यहां भी माथुर ने मंदिर में पूजा अर्चना की और प्रदेश और देश के लोगों की खुशहाली और देश के विकास की प्रार्थना की। जानकारी के अनुसार सिक्किम के राज्यपाल ओम माथुर के करौली पहुंचने पर करौली के जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना और करौली जिला पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल की ओर से अगवानी की गई पूर्व विधायक रोहिणी कुमारी ने भी माथुर का स्वागत किया माथुर ने अपने करौली दौरे के दौरान भारतीय जनता पार्टी के अपने पुराने मित्रों और संगठन से जुड़े लोगों से भी मुलाकात की और नए साल पर सबको अपनी ओर से शुभकामनाएं प्रेषित की उल्लेखनीय है कि माथुर राजस्थान भाजपा के पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं पूर्व सांसद रह चुके हैं और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव भी रह चुके हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के काफी भरोसेमंद नेता रहे हैं गुजरात में भारतीय जनता पार्टी के प्रभारी पद पर रहते हुए इन्होंने शानदार परफॉर्मेंस की थी जिसकी वजह से गुजरात में भारतीय जनता पार्टी को अच्छी सफलता मिली थी इसके अलावा माथुर को जहां-जहां भारतीय जनता पार्टी ने जिस जिस स्टेट की जिम्मेदारी दी वहां उन्होंने पार्टी के संगठन को मजबूती प्रदान करने में और पार्टी जनों में समन्वय और तालमेल स्थापित करने में



बड़ी भूमिका निभाई इसीलिए ओम माथुर को संगठन के मामलों में काफी कुशल राजनेता माना जाता था बाद में केंद्र की मोदी सरकार ने इन्हें अब संवैधानिक पद पर सिक्किम के राज्यपाल पद पर जिम्मेदारी दी हुई है राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पद पर रहते हुए इन्होंने अच्छा कार्य करके दिखाया था इसलिए राजस्थान भाजपा में पार्टी के संगठन से जुड़े छोटे बड़े सभी नेताओं से उनके अच्छे ताल्लुकात हैं प्रदेश भर में ओम माथुर के समर्थनों की संख्या काफी ज्यादा है इसलिए माथुर राजस्थान में जहां भी जाते हैंउनके स्वागत के लिए बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और नेता पहुंच जाते हैं करौली में भी जैसे ही भारतीय जनता पार्टी के छोटे-बड़े नेताओं को यह पता चला कि माथुर करौली दौरे पर आ रहे हैं तो बड़ी संख्या में माथुर की अगवानी करने के लिए भारतीय जनता पार्टी के छोटे-बड़े सभी नेता मौके पर।

## राखी राठौर प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष नियुक्त, लंबे समय से खाली पड़ा था पद

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश भाजपा की प्रवक्ता राखी राठौर को प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पद पर नियुक्ति दे दी गई है भारतीय जनता पार्टी के दिल्ली दरबार के निर्देश पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मदन राठौड़ ने राखी राठौर को प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति दी है। राखी राठौर वर्तमान में प्रदेश भाजपा की प्रवक्ता है इससे पहले भी राखी राठौर प्रदेश भाजपा की प्रवक्ता रह चुकी हैं इसके अलावा जयपुर नगर निगम में पार्षद भी रही हैं और नगर निगम की समिति की अध्यक्ष भी रही हैं राखी राठौर हाई प्रोफाइल शिक्षित महिला हैं और प्रखर वक्त के रूप में इन्होंने खुद को पार्टी में साबित करके दिखाया है अब जिस तरह से इन्हें महिला मोर्चा की बागडोर दी गई है उससे निश्चित रूप से प्रदेश की महिलाओं में नया उत्साह और जोश पैदा हुआ है क्योंकि पिछले करीब 11 महीने से महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का पद खाली पड़ा हुआ था पिछले दिनों प्रदेश भाजपा की ओर से पार्टी के कुछ प्रमुख मोर्चे के अध्यक्ष के नाम का ऐलान किया गया था लेकिन महिला मोर्चा के अध्यक्ष पद के नाम का ऐलान नहीं किया गया था इसलिए हर कोई हैरान था क्योंकि महिला मोर्चा प्रदेश भाजपा का प्रमुख स्तंभ है और पिछले 11 महीना से जिस तरह से मोर्चे का अध्यक्ष का पद खाली पड़ा था उसकी वजह से मोर्चे की गतिविधियां भी ठीक तरह से संचालित नहीं हो पा रही थी लेकिन अब राखी राठौर को नई जिम्मेदारी मिलने के बाद कहीं ना कहीं भाजपा महिला मोर्चा अब पुराने रंग में जरूर नजर आएगा। विश्लेशको का कहना है कि




राखी राठौर राजपूत समुदाय से ताल्लुक रखती हैं और जयपुर निवासी हैं साधारण वर्ग से ताल्लुक रखने वाली राखी राठौर को महिला मोर्चा की कमान देना प्रदेश भाजपा के लिए अच्छा निर्णय माना जा सकता है क्योंकि राखी राठौर जानी पहचानी नेता है लंबे समय तक पार्टी में प्रवक्ता रहने के दौरान प्रिंट मीडिया इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का बड़ा चेहरा रही हैं और विभिन्न विषयों पर इन्होंने बहुत ही शानदार तरीके से पार्टी का पक्ष रखते थे विरोधी दलों के नेताओं को टीवी डिबेट में बैक फुट पर भी करती हुई नजर आई है इसके अलावा हाई प्रोफाइल शिक्षित महिला हैं तथा पार्टी के संगठन का भी इन्हें बहुत अच्छा अनुभव है इसलिए अब प्रदेश के महिला मोर्चा के संगठन को निश्चित रूप से गति।

# कसाब को मौका दिया जा सकता है तो विधायकों को भी अवसर दिया जाना चाहिए: मदन राठौड़

## प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ ने प्रदेशवासियों को नए साल की शुभकामनाएं प्रेषित की

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ ने गुरुवार को नए साल के पहले दिन प्रदेशवासियों को नए साल की शुभकामनाएं प्रेषित की है प्रत्येक व्यक्ति स्वस्थ रहे खुश रहे और लंबा जीवन जीने के साथ-साथ समाज प्रदेश और राष्ट्र की सेवा करें इसी उम्मीद और प्रार्थना



के साथ मदन राठौड़ ने नए साल प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई दी है प्रदेश भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ ने एक सवाल के जवाब में कहा कि विधायक निधि फंड में कमीशन के मामले में विधायकों का अपराध क्षमा के लायक नहीं है लेकिन एक स्वस्थ लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सभी को अपनी बात कहने का एक मौका जरूर दिया जाना चाहिए और यही भारत के लोकतंत्र की खूबसूरती है जब हम आतंकवादी कसाब जैसे व्यक्ति को अपना बचाव करने के लिए उसे कानूनी मदद दी तो फिर विधायकों को भी अपनी बात कहने का अवसर दिया जाना चाहिए इसीलिए विधायकों को विधायक निधि फंड में अपनी स्थिति स्पष्ट करने के लिए कहा गया है उन्होंने कहा कि भारत आदिवासी पार्टी के विधायक जय कृष्णा पटेल रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़े गए थे जिसको सब ने देखा इसलिए उनका अपराध भी क्षमा के लायक नहीं है राठौर ने कहा कि विधायक निधि फंड में कमीशन के मामले में रेवंत राम को पार्टी के अनुशासन समिति ने नोटिस भेजा है समिति इस मामले को देख रही है समिति की रिपोर्ट आने के बाद ही आगे कार्रवाई की जाएगी इसके अलावा राजस्थान विधानसभा की सदाचार कमेटी भी विधायकों के इस मामले की जांच कर रही है मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर उच्च्च स्तर के अधिकारियों की टीम भी इस मामले को देख रही है इन सब जांच के कंप्लीट होने के बाद ही आगे की कार्रवाई संभव है राठौर ने कहा कि पिछले 2 साल में राजस्थान में पानी, बिजली , सड़क, चिकित्सा, शिक्षा, रोजगार, कृषि, कानूनी व्यवस्था ,ऊर्जा, पर्यटक हर क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं केंद्र की मोदी सरकार ने भी एक से एक ऐतिहासिक फैसले लिए एक से एक ऐतिहासिक निर्णय लिए और एक से एक बड़ी-बड़ी जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की जिसकी वजह से राजस्थान ही नहीं बल्कि पूरे देश में गरीबी की रेखा से लाखों की संख्या में लोग ऊपर उठे हैं भारत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगवाई में पूरे दुनिया में अपना प्रभाव छोड़ा है आज अंतरिक्ष, विज्ञान ,टेक्नोलॉजी ,सुरक्षा सभी क्षेत्रों में भारत तेजी से प्रगति कर रहा है इसलिए बड़े-बड़े शक्तिशाली देश अब विश्व मंच पर भारत को काफी सम्मान देते हैं और भारत की बात को महत्व देते हैं उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी राजस्थान ही नहीं बल्कि पूरे देश में लोगों का भरोसा और विश्वास हो चुकी है इसलिए एक के बाद एक राज्य में कांग्रेस पार्टी और उसके सहयोगी दलों को पराजय का सामना करना पड़ रहा है आज कांग्रेस पार्टी अपने अस्तित्व की हर जगह लड़ाई लड़ रही है इसलिए अपनी पार्टी की कमजोर स्थिति को देखकर पार्टी के सभी छोटे-बड़े नेता अनर्गल और बेवजह मुद्दे जनता के बीच लेकर जाकर जनता को गुमराह करने का प्रयास करते हैं लेकिन राजस्थान और देश की जनता कांग्रेस पार्टी के इन झूठे नेताओं की झूठी बातों को देखना और सुनना पसंद नहीं करती उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी पहले अपनी पराजय पर ईवीएम पर उंगली उठती थी फिर ईवीएम मशीन को भूलकर वोट चोरी के मुद्दे पर आ गई और अब अरावली पर्वतमाला को लेकर लोगों में भ्रम फैला रही है उन्होंने कहा कि प्रदेश की भजनलाल सरकार ने पिछले 2 साल में 20 करोड़ से ज्यादा नए पेड़ लगाए हैं जो यह बताता है कि हमारी सरकार जंगलों को लेकर और पेड़ों को लेकर कितनी गंभीर है उन्होंने कहा कि अरावली पर्वतमाला को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट बयान जारी किया लेकिन इसके बावजूद भी कांग्रेस पार्टी के नेता लोगों को गुमराह कर रहे हैं उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी एक बार नहीं कई बार अरावली पर्वतमाला के संरक्षण और विस्तार तथा अरावली पर्वतमाला में नए पेड़ लगाने की बात कह चुके हैं और अरावली पर्वतमाला में अवैध खनन को रोकने के लिए प्रदेश के 20 जिलों में विशेष अभियान भी शुरू किया गया है लेकिन इसके बावजूद भी कांग्रेस पार्टी लोगों को गुमराह कर रही।

## कहानी

### रंगा सियार

एक बार की बात है कि एक सियार जंगल में एक पुराने पेड़ के नीचे खड़ा था। पूरा पेड़ हवा के तेज झोंके से गिर पड़ा। सियार उसकी चपेट में आ गया और बुरी तरह घायल हो गया। वह किसी तरह घिसटता-घिसटता अपनी मांद तक पहुंचा। कई दिन बाद वह मांद से बाहर आया। उसे भूख लग रही थी। शरीर कमजोर हो गया था तभी उसे एक खरगोश नजर आया। उसे दबोचने के लिए वह झपटा। सियार कुछ दूर भाग कर हांफने लगा। उसके शरीर में जान ही कहां रह गई थी? फिर उसने एक बटेर का पीछा करने की कोशिश की। यहां भी वह असफल रहा। हिरण का पीछा करने की तो उसकी हिम्मत भी न हुई। वह खड़ा सोचने लगा। शिकार वह कर नहीं पा रहा था। भूखों मरने की नौबत आई ही समझो। क्या किया जाए? वह इधर-उधर घूमने लगा पर कहीं कोई मरा जानवर नहीं मिला। घूमता-घूमता वह एक बस्ती में आ गया। उसने सोचा शायद कोई मुर्गी या उसका बच्चा हाथ लग जाए। सो, वह इधर-उधर गलियों में घूमने लगा। तभी कुत्ते भौं-भौं करते उसके पीछे पड़ गए। सियार को जान बचाने के लिए भागना पड़ा। गलियों में घुसकर उनको छकाने की कोशिश करने लगा पर कुत्ते तो कस्बे की गली-गली से परिचित थे। सियार के पीछे पड़े कुत्तों की टोली बढ़ती जा रही थी और सियार के कमजोर शरीर का बल समाप्त होता जा रहा था। सियार भागता हुआ रंगरेजों की बस्ती में आ पहुंचा था। वहां उसे एक घर के सामने एक बड़ा ड्रम नजर आया। वह जान बचाने के लिए उसी ड्रम में कूद पड़ा। ड्रम में रंगरेज ने कपड़े रंगने के लिए रंग घोल रखा था। कुत्तों का टोला भौंकता चला गया। सियार सांस रोक कर रंग में डूबा रहा। वह केवल सांस लेने के लिए अपनी थूथनी बाहर निकालता। जब उसे पूरा यकीन हो गया कि अब कोई खतरा नहीं है तो वह बाहर निकला। वह रंग में भीग चुका था। जंगल में पहुंचकर उसने देखा कि उसके शरीर का सारा रंग हरा हो गया है। उस ड्रम में रंगरेज ने हरा रंग घोल रखा था। उसके हरे रंग को जो भी जंगली जीव देखता, वह भयभीत हो जाता। उनको खौफ से कांपते देखकर रंगे सियार के दुष्ट दिमाग में एक योजना आई। रंगे सियार ने डरकर भागते जीवों को आवाज दी, 'भाईयों, भागो मत मेरी बात सुनो।' उसकी बात सुनकर सभी भागते जानवर ठिठके। उनके ठिठकने का रंगे सियार ने फायदा उठाया और बोला, 'देखो-देखो मेरा रंग। ऐसा रंग किसी जानवर का धरती पर है? नहीं ना। मतलब समझो। भगवान ने मुझे यह खास रंग देकर तुम्हारे पास भेजा है। तुम सब जानवरों को बुला लाओ तो मैं भगवान का संदेश सुनाऊं।' उसकी बातों का सब पर गहरा प्रभाव पड़ा। वे जाकर जंगल के दूसरे सभी जानवरों को बुलाकर लाए। जब सब आ गए तो रंगा सियार एक ऊंचे पत्थर पर चढ़कर बोला, 'वन्य प्राणियों, प्रजापति ब्रह्मा ने मुझे खुद अपने हाथों से इस अलौकिक रंग का प्राणी बनाकर कहा कि संसार में जानवरों का कोई शासक नहीं है। तुम्हें जाकर जानवरों का राजा बनकर उनका कल्याण करना है। तुम्हार नाम सम्राट ककुदुम होगा। तीनों लोकों के वन्य जीव तुम्हारी प्रजा होंगे। अब तुम लोग अनाथ नहीं रहे। मेरी छत्रछाया में निर्भय होकर रहो।' सभी जानवर वैसे ही सियार के अजीब रंग से चकराए हुए थे। उसकी बातों ने तो जादू का काम किया। शेर, बाघ व चीते की भी ऊपर की सांस ऊपर और नीचे की सांस नीचे रह गई। उसकी बात काटने की किसी में हिम्मत न हुई। देखते ही देखते सारे जानवर उसके चरणों में लोटने लगे और एक स्वर में बोले, 'हे ब्रह्मा के दूत, प्राणियों में श्रेष्ठ ककुदुम, हम आपको अपना सम्राट स्वीकार करते हैं। भगवान की इच्छा का पालन करके हमें बड़ी प्रसन्नता होगी।' एक बूढ़े हाथी ने कहा, 'हे सम्राट, अब हमें बताइए कि हमारा क्या कर्तव्य है?' रंगा सियार सम्राट की तरह पंजा उठाकर बोला, 'तुम्हें अपने सम्राट की खूब सेवा और आदर करना चाहिए। उसे कोई तकलीफ नहीं होनी चाहिए। हमारे खाने-पीने का शाही प्रबंध होना चाहिए।' शेर ने सिर झुकाकर कहा, 'महाराज, ऐसा ही होगा। आपकी सेवा करके हमारा जीवन धन्य हो जाएगा।' बस, सम्राट ककुदुम बने रंगे सियार के शाही ठाठ हो गए। वह राजसी शान से रहने लगा। कई लोमड़ियां उसकी सेवा में लगी रहतीं, भालू पंखा झुलाता। सियार जिस जीव का मांस खाने की इच्छा जाहिर करता, उसकी बलि दी जाती।

# भविष्य के भारत को बनाने का समय

*बीता वर्ष भारत के लिए चुनौतियों भरा रहा। अमेरिकी नीति ने भारत के निर्यात, रुपये की हैसियत, निवेश तथा भुगतान संतुलन आदि को लेकर मुश्किलें खड़ी कर दीं। राष्ट्रपति ट्रंप की अमेरिकी हितों को आक्रामक ढंग से आगे धकेलने की नीति ने हमारा अहित किया। इसे देखते हुए स्थिति को संभालने के लिए भारत ने कई कदम उठाए गए। जीएसटी की दरें कम की गईं और श्रम कानूनों में बदलाव लाया गया। यह बड़ी उपलब्धि है कि अंतरराष्ट्रीय अनिश्चितिता की विकट परिस्थितियों में भी भारत की जीडीपी की दर विश्व में अव्वल दर्जे की बनी रही। खुदरा महंगाई दर भी आठ साल में सबसे कम रही। अच्छी पैदावार, आपूर्ति श्रृंखला में सुधार, कच्चे तेल की कम कीमतों ने इन परिस्थितियों में मदद की। शेयर बाजार में घरेलू निवेशक हमारी अर्थव्यवस्था की ताकत बने। आयकर रिटर्न के दाखिलों और कर-संग्रह में भी सुधार हुआ। बिजली, शहरी विकास, खनन, और वित्तीय सेवा के क्षेत्र में नई पहलें की गईं। भारत एक बड़ी वैश्विक आर्थिक शक्ति बनने की राह पर अग्रसर है और अनुमान है कि 2030 तक 7.3 ट्रिलियन (लाख करोड़) डालर जीडीपी के साथ वह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। सामाजिक संरचना की दृष्टि से देश में मध्यम वर्ग का आकार बढ़ रहा है, जिससे खपत और शहरीकरण में वृद्धि और गरीबी में कमी के आसार बन रहे हैं।*



पिछले एक दशक में भारत की छवि निश्चित रूप से एक सशक्त देश के रूप में निखरी है। नए वर्ष में इस बदलते भारत के भविष्य के बारे में सोचते हुए हमें देश की समृद्ध प्राचीन सभ्यता और आधुनिक राष्ट्र-राज्य की संकल्पना, दोनों को ध्यान में रखना होगा। लोक की स्मृति में अभी भी नैतिक और न्यायपूर्ण शासन के लिए रामराज्य की अमिट छवि कायम है। इसलिए जहां वैश्वीकरण के अनुकूल आकांक्षाओं को ध्यान में रखना होगा, वहीं नैतिकता, सत्य तथा अहिंसा जैसे मानदंडों की भी चिंता करनी है। देश की प्रगति की कथा को देखें तो उसमें निरंतरता और परिवर्तन दोनों के तत्व मिलते हैं।

इस नए वर्ष में हमें संयत होकर यह विचार करना होगा कि विकसित भारत कैसा होगा, क्योंकि भारतीय समाज में अनेक प्रकार की बहुलताएं हैं, जिसे लेकर कुछ विचारक देश की मौलिक एकता को प्रश्नांकित करते हैं। वे भूल जाते हैं कि भारतीय दृष्टि में बहुलता अंतर्निहित मौलिक एकता का ही प्रकटन होती है- एकम् सद् विप्रा बहुधा वदंति। इसी एकता को खोजना पहचानने का उद्देश्य होना चाहिए। पूरे प्राणी जगत में निकटता को आधार बना कर विविधताओं का सह-अस्तित्व और पारस्परिक संवाद इस भारत का मौलिक सोच रहा है। यह अकारण नहीं है कि परिवार या कुटुंब का रूपक हमारे सोच में केंद्रीय है। देश की एकता, देश को अपनाने के भाव और देशप्रेम के लिए भी यह दृष्टि जरूरी है।

बीता वर्ष भारत के लिए चुनौतियों भरा रहा। अमेरिकी नीति ने भारत के निर्यात, रुपये की हैसियत, निवेश तथा भुगतान संतुलन आदि को लेकर मुश्किलें खड़ी कर दीं। राष्ट्रपति ट्रंप की अमेरिकी हितों को आक्रामक ढंग से आगे धकेलने की नीति ने हमारा अहित किया। इसे देखते हुए स्थिति को संभालने के लिए भारत ने कई कदम उठाए गए। जीएसटी की दरें कम की गईं और श्रम कानूनों में बदलाव लाया गया। यह बड़ी उपलब्धि है कि अंतरराष्ट्रीय अनिश्चितिता की विकट परिस्थितियों में भी भारत की जीडीपी की दर विश्व में अव्वल दर्जे की बनी रही।

खुदरा महंगाई दर भी आठ साल में सबसे कम रही। अच्छी पैदावार, आपूर्ति श्रृंखला में सुधार, कच्चे तेल की कम कीमतों ने इन परिस्थितियों में मदद की। शेयर बाजार में घरेलू निवेशक हमारी अर्थव्यवस्था की ताकत बने। आयकर रिटर्न के दाखिलों और कर-संग्रह में भी सुधार हुआ। बिजली, शहरी विकास, खनन, और वित्तीय सेवा के क्षेत्र में नई पहलें की गईं। भारत एक बड़ी वैश्विक आर्थिक शक्ति बनने की राह पर अग्रसर है और अनुमान है कि 2030 तक 7.3 ट्रिलियन (लाख करोड़) डालर जीडीपी के साथ वह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

सामाजिक संरचना की दृष्टि से देश में मध्यम वर्ग का आकार बढ़ रहा है, जिससे खपत और शहरीकरण में वृद्धि और गरीबी में कमी के आसार बन रहे हैं। देश में बुनियादी ढांचा विस्तृत हो रहा है। डिजिटल प्रौद्योगिकी, कृत्रिम मेधा (एआइ), अंतरिक्ष विज्ञान, मेट्रो और बुलेट ट्रेन आदि को लेकर भी प्रगति दर्ज हो रही है। मेड इन इंडिया के तहत मैन्यूफैक्चरिंग, आइटी, स्वास्थ्य सेवा और स्टार्टअप्स में भारी वृद्धि से रोजगार के नए अवसर बढ़ रहे हैं। उत्पादन क्षेत्र में प्रगति की संभावना दिख रही है और स्वदेशी विकास की नीति अपनाई जा रही है। अनुमान है कि 5-जी और रोबोटिक्स के उपयोग का दायरा विस्तृत होता जाएगा। अब आनलाइन खरीदारी और ओटीटी प्लेटफार्म तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। भविष्य में एआइ का प्रभुत्व और भी बढ़ेगा। उसी के साथ साइबर अपराध भी बढ़ सकते हैं। ऐसे में साइबर सुरक्षा बड़ा महत्वपूर्ण सरोकार बन रहा है। यह भी याद रखना जरूरी है कि देश का भविष्य सिर्फ आर्थिक उन्नति के सूचकों तक सीमित नहीं किया जा सकता। आर्थिक विकास को केवल वृद्धि दर के अर्थ में ही नहीं, बल्कि रोजगार के अधिक अवसर, सामाजिक गतिशीलता और आम जनों के जीवन-स्तर में उन्नति के संदर्भ में भी देखना होगा। सबके लिए गुणवत्तापूर्ण जीवन सुनिश्चित करने के लिए आर्थिकी को ज्ञान-केंद्रित और सामाजिक रूप से ज्यादा उत्तरदायी भी बनाना होगा। आत्मनिर्भर भारत के लिए अवसर है, पर हम अपनी सीमाओं को भी अनदेखा नहीं कर सकते। युवा भारत को अक्सर एक पूंजी के रूप में घोषित किया जाता है, पर इसके लिए कौशल, स्वास्थ्य और शिक्षा में निवेश करना होगा। कौशल विकास की कमी और युवाओं में बेरोजगारी के चलते समाज में असंतोष पैदा हो रहा है। नई शिक्षा नीति की विसंगतियों को दूर कर उसके कार्यान्वयन के लिए गंभीर प्रयास करने होंगे। शिक्षा की पहुंच, उसकी गुणवत्ता और प्रासंगिकता को लेकर संशय बना हुआ है। इसी तरह सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा की मुश्किलें भी बढ़ी हैं। मानसिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी सुविधाएं पर्याप्त नहीं हैं। अभी भी महिला श्रम-भागीदारी निम्न दर पर है। आय और संपत्ति की असमानता भी बढ़ी है और अनौपचारिक क्षेत्र की असुरक्षा बनी हुई है।

## सम्पादकीय

### बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा, दो हफ्तों में तीन हत्याएं



बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने की हिंसक घटनाओं का सिलसिला थम नहीं रहा है। पिछले दो सप्ताह में वहां तीन हिंदू नागरिकों की हत्या कर दी गई। इससे हिंदू समुदाय के भीतर सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। ये हमले ऐसे समय में हो रहे हैं, जब बांग्लादेश में आए दिन विरोध प्रदर्शनों से अराजक स्थिति पैदा हो रही है। सवाल है कि ऐसे हमले अचानक हो रहे हैं या फिर किसी गहरी साजिश के तहत इस तरह की हिंसा का जाल बुना जा रहा है! ऐसे में वहां की अंतरिम सरकार और सुरक्षा एजेंसियों की कार्यप्रणाली भी सवालों के घेरे में है। हालांकि, सरकार का दावा है कि इन घटनाओं को सांप्रदायिकता से नहीं जोड़ा जाना चाहिए, क्योंकि इनके पीछे व्यक्तिगत कारण हो सकते हैं। अगर यह सही है, तो फिर क्या वजह है कि अल्पसंख्यकों को ही लक्षित तरीके से निशाना बनाया जा रहा है? कानून व्यवस्था बनाए रखने और आम नागरिकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी आखिर किसकी है? जाहिर है कि जिस तरह की अराजक स्थिति पैदा हो रही है, उसके लिए शासन एवं प्रशासन ही जवाबदेह हैं। बांग्लादेश में अगस्त 2024 में तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शनों के बाद हिंसा का सिलसिला शुरू हुआ था। अंतरिम सरकार बनने के बाद वहां माहौल थोड़ा शांत और स्थिर हुआ था, लेकिन हाल के दिनों में हिंसा फिर से जोर पकड़ने लगी है। खासकर अब हिंदू समुदाय के लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। इसी क्रम में पिछले दो सप्ताह के भीतर तीन हिंदू नागरिकों की हत्या कर दी गई। पहले भालुका इलाके में भीड़ ने ईशनिंदा के आरोप में एक हिंदू व्यक्ति को पीट-पीट कर मार डाला और फिर उसे आग के हवाले कर दिया गया। इसके कुछ दिन बाद मैमनसिंह जिले में एक हिंदू नागरिक की हत्या कर दी गई। हाल ही में कपड़े के कारखाने में एक हिंदू कर्मी को गोली मार दी गई, जिससे उसकी मौत हो गई। इस मामले में स्थानीय पुलिस का दावा है कि आरोपी ने मजाक में हिंदू व्यक्ति की तरफ बंदूक तानी थी और इस दौरान अचानक गोली चल गई। जबकि घटना के चश्मदीद का कहना है कि आरोपी ने जान-बूझकर गोली चलाई। बयानों के इस विरोधाभास से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठना स्वाभाविक है। यह बात छिपी नहीं है कि पाकिस्तान हो या बांग्लादेश, वहां अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा और उनके अधिकार सुरक्षित नहीं हैं। अत्याचार, प्रताड़ना, जबरन धर्मांतरण और हिंसा की वजह से वहां हिंदुओं की आबादी लगातार कम हो रही है। बांग्लादेश में शेख हसीना को सत्ता से हटाने के बाद से हिंदू समुदाय के लोगों पर लक्षित हमलों की घटनाएं बढ़ गई हैं। वहां जिस उद्देश्य से अंतरिम सरकार का गठन किया गया था, वह पूरा होता नजर नहीं आ रहा है। कानून व्यवस्था के मोर्चे पर सरकार की विफलता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि न तो विरोध प्रदर्शन थम रहे हैं और न ही हिंसक गतिविधियों पर अंकुश लग पाया है। इसका असर भारत-बांग्लादेश के द्विपक्षीय संबंधों पर भी पड़ा है। मगर ऐसा प्रतीत होता है कि वहां की अंतरिम सरकार भारत के साथ संबंध सुधारने को लेकर गंभीर नहीं है।

# दिनचर्या से पहचानी जा सकती है बच्चों में बढ़ती एकाग्रता की कमी

*एडीएचडी के पीछे कई शारीरिक और मानसिक कारण होते हैं। फास्ट फूड और जंक फूड का बढ़ता चलन, कम उम्र में मोबाइल फोन का अत्यधिक उपयोग, थायराइड ग्रंथि से जुड़े विकार, कोई पुराना शारीरिक दर्द, वायु प्रदूषण, पर्याप्त नींद का अभाव, मानसिक तनाव, स्ट्रेस और अवसाद–ये सभी इसके प्रमुख ट्रिगर माने जाते हैं। यदि एडीएचडी के लक्षणों पर ध्यान दिया जाए, तो इसकी पहचान रोजमर्रा की दिनचर्या से आसानी से की जा सकती है। ऐसा बच्चा या व्यक्ति किसी एक काम, पढ़ाई या बातचीत पर लंबे समय तक ध्यान नहीं लगा पाता, विशेषकर जब काम उबाऊ या लंबा हो। विद्यालय या किसी कार्यक्रम में लंबे समय तक बैठने पर बेचैनी महसूस होती है। जरूरी बातें जैसे परीक्षा की तारीख, होमवर्क या अपॉइंटमेंट भूल जाना आम बात हो जाती है। अक्सर देखा जाता है कि व्यक्ति कोई काम शुरू तो करता है*

वर्तमान समय में बच्चों और युवाओं में एकाग्रता की कमी एक गंभीर और चिंताजनक समस्या के रूप में सामने आ रही है। बदलती जीवनशैली, असंतुलित खानपान, मोबाइल व स्क्रीन पर बढ़ती निर्भरता, नैतिक एवं संस्कारिक शिक्षा का अभाव, पर्यावरण प्रदूषण तथा बढ़ता मानसिक दबाव–ये सभी कारक बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहे हैं। परिणामस्वरूप मानसिक विकृतियाँ बढ़ रही हैं और इसी संदर्भ में एक शब्द तेजी से प्रचलन में आया है–एडीएचडी।



-लीलाधर शर्मा
वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी गुंसाईसर, रतनगढ़, चूरू

एडीएचडी यानी अटेंशन डिफिसिएट हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर। सामान्य भाषा में कहें तो यह वह स्थिति है, जिसमें व्यक्ति किसी भी कार्य में लंबे समय तक सही ढंग से ध्यान केंद्रित नहीं कर पाता। यह समस्या केवल बच्चों तक सीमित नहीं है, बल्कि आज बड़ी संख्या में वयस्क भी इससे प्रभावित हैं।

एडीएचडी के पीछे कई शारीरिक और मानसिक कारण होते हैं। फास्ट फूड और जंक फूड का बढ़ता चलन, कम उम्र में मोबाइल फोन का अत्यधिक उपयोग, थायराइड ग्रंथि से जुड़े विकार, कोई पुराना शारीरिक दर्द, वायु प्रदूषण, पर्याप्त नींद का अभाव, मानसिक तनाव, स्ट्रेस और अवसाद–ये सभी इसके प्रमुख ट्रिगर माने जाते हैं।

यदि एडीएचडी के लक्षणों पर ध्यान दिया जाए, तो इसकी पहचान रोजमर्रा की दिनचर्या से आसानी से की जा सकती है। ऐसा बच्चा या व्यक्ति किसी एक काम, पढ़ाई या बातचीत पर लंबे समय तक ध्यान नहीं लगा पाता, विशेषकर जब काम उबाऊ या लंबा हो। विद्यालय या किसी कार्यक्रम में लंबे समय तक बैठने पर बेचैनी महसूस होती है। जरूरी बातें जैसे परीक्षा की तारीख, होमवर्क या अपॉइंटमेंट भूल जाना आम बात हो जाती है।

अक्सर देखा जाता है कि व्यक्ति कोई काम शुरू तो करता है, लेकिन उसे पूरा नहीं कर पाता। समय प्रबंधन और व्यवस्थापन में कठिनाई रहती है। एक साथ कई काम शुरू कर देता है, लेकिन कोई भी कार्य पूर्ण नहीं हो पाता। बिना अधिक श्रम किए ही मानसिक थकान महसूस होना, 'ब्रेन फॉग' यानी मानसिक धुंधलापन, साधारण प्रश्नों का उत्तर न सूझ पाना और हाजिरजवाबी की कमी भी इसके प्रमुख लक्षण हैं।

ध्यान की कमी के कारण रोजमर्रा के कार्यों में लापरवाही भरी गलतियाँ होती हैं। दैनिक जीवन के छोटे-छोटे उदाहरण–जैसे सुबह उठकर बिस्तर ठीक न करना, कपड़े और जूते इधर-उधर छोड़ देना, स्नानघर में कपड़े वहीं पड़े रहना, पढ़ने की मेज और स्कूल बैग का अस्त-व्यस्त होना–ये सभी व्यवस्थापन और सजगता की कमी के संकेत हैं। अक्सर लोग इसे आदत या लापरवाही समझकर नजरअंदाज कर देते हैं, जबकि यह मस्तिष्क की कार्यशैली से जुड़ा विषय है।

कई बार ऐसा व्यक्ति दूसरों की बात गंभीरता से नहीं सुन पाता, जिससे सामने वाले को लगता है कि वह परवाह नहीं करता, जबकि वास्तविक कारण एकाग्रता की कमी होती है। कार्यों को जल्दबाजी में करना, गुणवत्ता की चिंता न करना और फिर भी काम पूरा न हो पाना–यह स्थिति आगे चलकर जीवन की उपलब्धियों को प्रभावित करती है।

वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखें तो जो व्यक्ति छोटे-छोटे दैनिक कार्यों को भी एकाग्रता के साथ पूर्ण करता है, वही आगे चलकर अध्ययन, व्यवसाय या नौकरी के क्षेत्र में अपनी क्षमता का सही प्रदर्शन कर पाता है। इसके विपरीत, जो व्यक्ति दिनचर्या के काम भी अव्यवस्थित छोड़ देता है, उसका असर भविष्य में करियर और जीवन की सफलता पर स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। यह केवल वास्तु या बाहरी व्यवस्था का प्रश्न नहीं है, बल्कि मस्तिष्क की एकाग्रता और कार्य क्षमता से जुड़ा हुआ वैज्ञानिक तथ्य है।

एडीएचडी केवल बच्चों की समस्या नहीं है। वयस्कों में भी इसके लक्षण देखने को मिलते हैं–जैसे एक जगह देर तक न बैठ पाना, बार-बार बैठने की मुद्रा बदलना, बेचैनी और बार-बार घड़ी देखना।

हालांकि राहत की बात यह है कि एडीएचडी कोई लाइलाज समस्या नहीं है। सही दिशा, अनुशासन और जागरूकता से इसमें काफी हद तक सुधार संभव है। बच्चों को संतुलित और संस्कारयुक्त शिक्षा देना, स्वास्थ्य और करियर के प्रति जागरूक करना, अनुशासित जीवनशैली अपनाना, फास्ट फूड के स्थान पर फल, हरी पत्तेदार सब्जियाँ और संतुलित शाकाहारी भोजन लेना, नियमित योग, प्राणायाम और ध्यान, पर्याप्त नींद तथा सकारात्मक काउंसलिंग–ये सभी उपाय एडीएचडी की समस्या को नियंत्रित करने में सहायक सिद्ध हो सकते हैं।

समय रहते यदि दिनचर्या सुधारी जाए और एकाग्रता को जीवन का मूल आधार बनाया जाए, तो न केवल मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है, बल्कि जीवन भी अधिक व्यवस्थित, संतुलित और सफल बनता है।

# नया कालखंड, नए साल से नई उम्मीदें

नव वर्ष का आगमन अनेक अपेक्षाओं के साथ होता है। इस अवसर पर सभी शुभ की कामना करते हैं। हम भारत के लोग तो उस संस्कृति के वारिस हैं, जो प्राणिमात्र के कल्याण की बात करती है और समस्त वसुधा को एक कुटुंब की तरह देखती है, लेकिन सर्वत्र शुभ का संचार होने की चाह के बीच यह भी एक यथार्थ है कि व्यक्ति की तरह समाज और राष्ट्र के जीवन में चुनौतियां आती ही रहती हैं। वे इस वर्ष भी आएंगी। इससे अच्छा और कुछ नहीं कि इस नए वर्ष में हम उनका सही तरह सामना करने में समर्थ हों और तेजी के साथ प्रगति के उस पथ पर आगे बढ़ें, जिसमें सुख, समृद्धि के साथ समरसता भी बढ़े। यह तब संभव होगा, जब एक राष्ट्र के रूप में हमारी कार्यसंस्कृति बदलेगी और उन बुनियादी समस्याओं का समाधान होगा, जो प्रगति की राह में रोड़ा हैं। वैसे



तो किसी भी देश की कार्यसंस्कृति बदलने का दायित्व मुख्यतः शासन और प्रशासन में बैठे लोगों का होता है, लेकिन इस काम में जनता का सहयोग भी आवश्यक होता है। विश्व के कई देशों का इतिहास इसकी ही गवाही देता है कि उनका भाग्योदय तब हुआ, जब वहां के शासकों के साथ आम लोगों ने भी अपने राष्ट्रीय लक्ष्यों को हासिल करने के लिए समर्पण भाव से काम किया। अब भारत सबसे अधिक जनसंख्या वाला राष्ट्र है। विशाल आबादी और भिन्न पंथ, भाषा वाले देश की प्रगति के लिए शासन-प्रशासन के साथ आम जनता का रुख-रवैया बदले बगैर बात बनने वाली नहीं है। यह समझा जाए कि जैसे शासक का धर्म होता है, वैसे ही नागरिक का भी। विभिन्न समस्याओं को लेकर शासन-प्रशासन के लोगों को उचित ही कठघरे में खड़ा किया जाता है, लेकिन यह प्रश्न प्रायः अनुत्तरित रहता है कि क्या हम भारत के लोग अपने नागरिक धर्म का निर्वाह सही तरह करते हैं? हमें अपने अधिकारों के प्रति सजग होना ही चाहिए, लेकिन क्या हम अपने कर्तव्यों को लेकर भी सचेत रहते हैं? यदि हमारी अनेक समस्याओं का समाधान शासन-प्रशासन की ढिलाई के चलते नहीं हो पाता तो कई समस्याएं इसलिए जटिल बनी रहती हैं कि लोगों का अपेक्षित सहयोग नहीं मिल पाता। यदि जन सहयोग का यह अभाव दूर हो सके तो इस नए वर्ष में आत्मनिर्भर भारत की राह और आसान हो सकती है और यह किसी से छिपा नहीं कि आत्मनिर्भरता विकसित राष्ट्र के लक्ष्य को पाने की कुंजी है। 2025 की विदाई के साथ ही देश उस नए कालखंड में प्रवेश कर रहा है, जब विकसित भारत का लक्ष्य और निकट आ गया है। यह लक्ष्य वास्तव में प्राप्त हो सके, इसके लिए मानसिकता में बदलाव लाना भी आवश्यक है।

## रोहित शर्मा वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी हैंडबॉल टीम में चयनित



जयपुर टाइम्स

**नावांशहर(निस)।** राजकीय महाविद्यालय नावा के छात्र रोहित शर्मा (निवासी शिम्भपुरा) का वेस्ट जोन इंटर विश्वविद्यालय हैंडबॉल टीम में चयन हुआ है। यह चयन महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर की ओर से आयोजित अंतर महाविद्यालय हैंडबॉल प्रतियोगिता में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया। प्रतियोगिता के दौरान रोहित शर्मा ने अपने शानदार खेल, अनुशासन और टीम भावना से चयनकर्ताओं को प्रभावित किया, जिसके फलस्वरूप उन्हें वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी हैंडबॉल टीम में स्थान मिला। इस उपलब्धि से न केवल रोहित का नाम रोशन हुआ है, बल्कि राजकीय महाविद्यालय नावा की खेल प्रतिभा भी उजागर हुई है। रोहित के महाविद्यालय लौटने पर कॉलेज परिसर में उनका गर्मजोशी से स्वागत व सम्मान किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य वंदना चौधरी ने रोहित को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। उन्होंने आगे भी इसी तरह मेहनत कर महाविद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दीं। इस स्वागत समारोह में प्रोफेसर राजेश चौधरी, प्रोफेसर गुमानाराम, प्रोफेसर पदमाराम जाखड़, प्रोफेसर मुकेश आहूजा सहित महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्र मनीष खैरवा, सागर शर्मा और सचिन कुमार उपस्थित रहे। सभी ने रोहित शर्मा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## लगन और सही मार्गदर्शन से बड़ी उपलब्धि हासिल संभव

जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** रेनवाल मांझी कस्बे के समीप श्रीराजपुरा निवासी विशाल टाटीवाल का एमबीबीएस में चयन हुआ है। उन्होंने राजकीय जगन्नाथ पहाड़िया मेडिकल कॉलेज, भरतपुर में दाखिला प्राप्त किया है। विशाल माधोराजपुरा उपखंड की ग्राम पंचायत मोहनपुरा पृथ्वीसिंह के गांव श्रीराजपुरा (बास) के निवासी हैं। विशाल टाटीवाल की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। परिजनों, ग्रामीणों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी है। अपनी सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए विशाल ने इसका पूरा श्रेय अपने पिता मन्नालाल टाटीवाल को दिया। उन्होंने बताया कि पिताजी का सपना था कि मैं बड़ा डॉक्टर बनूं। आज एमबीबीएस में चयन होकर मुझे लग रहा है कि मैं उनके सपने को साकार करने की दिशा में पहला कदम रख पाया हूं। विशाल की यह सफलता ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी है। यह दर्शाता है कि सीमित संसाधनों के बावजूद लगन और सही मार्गदर्शन से बड़ी उपलब्धि हासिल की जा सकती है। ग्रामीणों और उनके शिक्षकों ने भी विशाल की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



## नववर्ष की पूर्व संध्या पर दूध महोत्सव आयोजित



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** नववर्ष की पूर्व संध्या पर लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट, लक्ष्मणगढ़ की ओर से बुधवार को सामाजिक जागरूकता और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'दूध महोत्सव' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज, विशेषकर युवाओं को नशे से दूर रखकर भारतीय संस्कृति और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम ट्रस्ट के संरक्षक शिक्षाविद रामनिवास शर्मा, प्रकाश पासोरिया, गिरधारी लाल जाजोदिया, दीनदयाल जोशी, संजय जोशी, सुभाष जोशी व ओमप्रकाश जोशी के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। लक्ष्मणगढ़ थाना से सहायक उप निरीक्षक महेश स्वामी, उप निरीक्षक राजकुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि नववर्ष का स्वागत शराब जैसे नशे के साथ नहीं, बल्कि दूध, संस्कार और भारतीय परंपराओं के साथ किया जाना चाहिए। वक्ताओं ने 'शराब से नाता तोड़ो, दूध से रिश्ता जोड़ो' का संदेश देते हुए कहा कि यह पहल स्वस्थ समाज की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। नववर्ष पर नशे का त्याग कर दूध के साथ उत्सव मनाने से परिवार और समाज में सुख-समृद्धि आती है। युवाओं को संबोधित करते हुए कहा गया कि नशा व्यक्ति ही नहीं, पूरे परिवार को आर्थिक, सामाजिक व मानसिक रूप से नुकसान पहुंचाता है। ट्रस्ट ने नववर्ष की शुरुआत मंदिर दर्शन, बड़ों का आशीर्वाद लेने और सकारात्मक संकल्पों के साथ करने का आह्वान किया।कार्यक्रम में प्रभारी राजेंद्र कुमार शर्मा, दिव्यांग प्रकोष्ठ प्रभारी कमल कुमावत सहित अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता व नगर के लोग उपस्थित रहे।

## श्री गणेश मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**नवलगढ़(निस)।** नवलगढ़ के मुख्य बाजार स्थित श्री गणेश मंदिर में वर्ष 2025 के अंतिम बुधवार को दर्शन करने पहुंचे भक्तगण पुजारी सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि बुधवार को मंदिर परिसर में महाआरती का आयोजन किया जिसमें महंत अरूण गौड़ श्री नरसिंह भैरव धाम की मंदिर परिसर की टोली शामिल होंगी जिसमें साज-बाज भी शामिल होंगे। श्री गणेश जी महाराज के लिए स्पेशल हाथों की बनावट के साथ साक्षी शर्मा,सुजल शर्मा ने भेंट किया। महाआरती में पुजारी अनुप वर्मा, पूर्व उपाध्यक्ष कैलाश चोटिया, मुरली मनोहर चोबदार, दीपक सराफ, अभिषेक जांगिड़, सुभाष, आशुतोष शर्मा, कान्हा,भरत शर्मा,दलिप,लाला शर्मा, चिंटू,दिपक सोनी, राजेश टेलर हजारों की संख्या में श्रद्धालु मोजूद रहें।

# नावां शहर में ही बनेगा उप जिला अस्पताल

### भूमि विवाद पर विराम, बस स्टैंड के समीप होगी सुविधा

जयपुर टाइम्स






**नावांशहर(निस)।** नावां उप जिला चिकित्सालय के निर्माण को लेकर पिछले कई दिनों से चला आ रहा भूमि आवंटन विवाद आखिरकार समाप्त हो गया है। नए साल के पहले ही दिन 1 जनवरी 2026 को नावा विधायक व राजस्व राज्य मंत्री विजय सिंह चौधरी ने प्रेस नोट जारी कर नावावासियों को बड़ी सौगात दी। मंत्री ने स्पष्ट किया कि अब उप जिला चिकित्सालय का निर्माण नावा शहर के मध्य, बस स्टैंड के समीप ही किया जाएगा। इस घोषणा के साथ ही लंबे समय से चल रहा जनआंदोलन और असमंजस समाप्त हो गया है।

### आमजन की भावनाओं को मिला सम्मान:

प्रेस नोट में मंत्री विजय सिंह चौधरी ने कहा कि उप जिला चिकित्सालय के लिए उपयुक्त भूमि का चयन करना उनके लिए एक बड़ी चुनौती था। विभिन्न विकल्पों और परिस्थितियों के बीच उन्होंने आमजन की भावनाओं, सुविधाओं और वर्षों से चली आ रही मांगों को प्राथमिकता दी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बस स्टैंड क्षेत्र में किस सटीक स्थान पर चिकित्सालय का निर्माण होगा, इसका अंतिम निर्णय प्रशासनिक प्रक्रिया के तहत किया जाएगा।

### राजास भूमि आवंटन से भड़का था असंतोष:

गौरतलब है कि इससे पहले डीडवाना-कुचामन जिला कलेक्टर महेंद्र खड़गावत की ओर से नावा से करीब 8 किलोमीटर दूर राजस्व ग्राम राजास में उप जिला चिकित्सालय के लिए भूमि आवंटित की गई थी। इस निर्णय के बाद नावा शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में भारी असंतोष देखने को मिला। आमजन का कहना था कि शहर से दूर अस्पताल बनने पर मरीजों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

### सर्व समाज और संगठनों का आंदोलन:

भूमि आवंटन के विरोध में नावा सर्व समाज, सामाजिक संगठनों, पेंशनर समाज, युवा शक्ति और विभिन्न व्यापारिक संस्थाओं ने लगातार ज्ञापन सौंपे। युवा शक्ति सहित कई संगठनों ने 2 जनवरी को आंदोलन की चेतावनी भी दी थी। शहर में माहौल लगातार गर्माता जा रहा था, लेकिन नए साल के पहले दिन आए इस फैसले ने स्थिति को पूरी तरह बदल दिया। नावा एसडीएम दिव्या सोनी ने बताया कि नावा बस स्टैंड के पास दो-तीन स्थान ऐसे हैं, जहां सरकारी भूमि उपलब्ध है। इन स्थानों का प्रस्ताव बनाकर उच्च अधिकारियों को भेजा जाएगा। राजास में पूर्व में आवंटित भूमि को निरस्त कर नई भूमि का आवंटन किया जाएगा। राजस्व राज्य मंत्री व नावा विधायक विजय सिंह चौधरी ने दो टूक कहा कि उप जिला अस्पताल नावा शहर के मध्य, बस स्टैंड के पास ही बनेगा। जिला प्रशासन को इस संबंध में निर्देश दे दिए गए हैं। प्रशासन शीघ्र रिपोर्ट तैयार कर भूमि का अंतिम चयन करेगा।

### नावा में खुशी की लहर:

मंत्री के इस फैसले की खबर सामने आते ही पूरे नावा क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। सोशल मीडिया पर लोगों ने निर्णय का स्वागत किया और मंत्री विजय सिंह चौधरी का आभार व्यक्त किया। आमजन का मानना है कि यह फैसला न केवल बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की दिशा में बड़ा कदम है, बल्कि लोकतांत्रिक तरीके से जनभावनाओं की जीत भी है।

### स्वास्थ्य सुविधाओं की दिशा में बड़ा कदम:

नावा वासियों के लिए यह निर्णय ऐतिहासिक माना जा रहा है। शहर के मध्य उप जिला चिकित्सालय बनने से न केवल नावा बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को भी बेहतर और सुलभ चिकित्सा सेवाएं मिल सकेंगी।लंबे समय से चला आ रहा विवाद अब समाधान की ओर बढ़ चुका है और नावा को नए साल में यह बड़ी सौगात मिलना क्षेत्रवासियों के लिए राहत और खुशी का कारण बना है।

## औद्योगिक क्षेत्र बदहाली का शिकार, रोज़गार के सपने टूटे

### सरकारी उदासीनता ने छीनी पहचान

### मूलभूत सुविधाएं गायब, अव्यवस्था का अड्डा बना फुलेरा का औद्योगिक क्षेत्र

जयपुर टाइम्स



**फुलेरा(निस)।** रेल नगरी फुलेरा में वर्ष 2016 में स्थापित औद्योगिक क्षेत्र आज सरकार और संबंधित विभाग की घोर उदासीनता का जीता- जागता उदाहरण बन चुका है। स्थानीय रोज़गार और औद्योगिक विकास की जिन उम्मीदों के साथ यह क्षेत्र बसाया गया था, वे अब बदहाली की भेंट चढ़ चुकी हैं। प्रारंभिक वर्षों में 43 में से 40 औद्योगिक इकाइयों के संचालन से क्षेत्र में रोजगार के अवसर सृजित हुए थे, लेकिन समय के साथ स्थिति बदतर होती चली गई। वर्तमान में मात्र 4-5 इकाइयां ही संचालित हैं। अधिकांश भूखंडों पर नियमों को दरकिनार कर अवैध आवास बनाए जा चुके हैं या उन्हें गैर,औद्योगिक गतिविधियों में बदल दिया गया है। औद्योगिक क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव है। न तो श्रमिकों और उद्यमियों के लिए कोई पार्क विकसित किया गया है, न ही गंदे पानी की निकासी के लिए नालियों की व्यवस्था है। सुरक्षा व्यवस्था के नाम पर भी स्थिति शून्य है, जिससे क्षेत्र में असामाजिक तत्वों की आवाजाही बढ़ती जा रही है। सड़कें जर्जर हैं, जलापूर्ति पूरी तरह ठप है और कचरा निस्तारण की कोई व्यवस्था नहीं है। रेल और सड़क संपर्क की बेहतर सुविधा और कुशल श्रमिकों की उपलब्धता के बावजूद औद्योगिक क्षेत्र का विकास न होना सरकार और संबंधित विभाग की लापरवाही पर गंभीर सवाल खड़े करता है। अब फुलेरा वासियों की निगाहें प्रशासन पर टिकी हैं कि कब इस बदहाली से औद्योगिक क्षेत्र को बाहर निकाला जाएगा।

## मकराना अस्पताल में नई चिकित्सा सुविधाओं का उद्घाटन

जयपुर टाइम्स



**मकराना(निस)।** नववर्ष के शुभ अवसर पर मकराना उपजिला चिकित्सालय में डायलिसिस यूनिट, सोनोग्राफी सुविधा यूनिट और स्पोक मेडिकल लैब का भव्य उद्घाटन सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि ने फीता काटकर इन सेवाओं का लोकार्पण किया। क्षेत्र की जनता की लंबे समय से मांग रही इन सुविधाओं से अब मकराना विधानसभा क्षेत्र सहित आसपास के मरीजों को निःशुल्क या सरकारी खर्च पर बेहतरीन इलाज मिल सकेगा। इससे निजी अस्पतालों के भारी-भरकम बिलों से लोगों को छुटकारा मिलेगा। यह पहल स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुलभ, सशक्त एवं प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जो जनहित को प्राथमिकता देती हुई दिखाई देती है। क्या आप इसे और विस्तृत प्रेस रिलीज के रूप में चाहते हैं या कोई अन्य बदलाव पसंद करेंगे। नववर्ष पर मकराना उपजिला चिकित्सालय में क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ मांग को ध्यान में रखते हुए डायलिसिस यूनिट, सोनोग्राफी सुविधा यूनिट तथा स्पोक मेडिकल लैब का औपचारिक उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में फीता काटकर किया। इन नई सुविधाओं से मकराना विधानसभा क्षेत्र के साथ-साथ आसपास के मरीजों को निःशुल्क या सरकारी व्यय पर उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएं मिलेंगी, जिससे निजी अस्पतालों के अत्यधिक खर्च से आमजन बड़ी राहत मिलेगी।
यह कदम स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक सुलभ, मजबूत और प्रभावी बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।

## रघुनाथपुरा ग्राम के साथ देपुर ग्राम का नाम जोडने से रोष

### ग्रामीणों ने राजस्व राज्य मंत्री व जिला कलेक्टर को सौपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**नावांशहर(निस)।** डीडवाना- कुचामन जिले में नवसृजित ग्राम पंचायतों के नामकरण को लेकर एक बार फिर विवाद सामने आया है। रघुनाथपुरा ग्राम के ग्रामीणो ने गुरुवार को राजस्व राज्य मंत्री विजय सिंह चौधरी को उनके आवास पर जाकर ज्ञापन देते हुए समस्या समाधान की मांग की है। साथ ही ग्रामीणो ने डीडवाना जिला कलेक्टर महेंद्र सिंह खड़गावत को भी ज्ञापन सौंप कर समाधान करने की मांग की है। ग्रामीणो ने बताया कि राज्य सरकार के प्रथ प्रकाशन विभागीय अधिसूचना संख्या एफ.15(36) पुनर्गठन/विधि/परा./2024/784 , 20/11/2025 व राजस्थान राजपत्र के पृष्ठ संख्या 141 में डीडवाना-कुचामन जिले की पंचायत नवसृजित ग्राम पंचायतों की सूची में नावा पंचायत समिति के अंतर्गत ग्राम पंचायत रघुनाथपुरा का नाम स्पष्ट रूप से प्रकाशित किया गया था। इस संबंध में प्रस्ताव भी पूर्व में पूर्ण रूप से भेजा जा चुका था। इसके बाद दूसरी बार 28/12/2025 को जारी अधिसूचना संख्या एफ.15(36) पुनर्गठन/विधि/ परा./2024/870, जो राजस्थान राजपत्र विशेषांक भाग 6(ग) में प्रकाशित हुई, उसमें कथित रूप से लिपिकीय त्रुटि बताते हुए ग्राम पंचायत रघुनाथपुरा के पीछे 'ग्राम पंचायत दैपुर-रघुनाथपुरा' जोड़ दिया गया, जिसे ग्रामीणों ने पूरी तरह गलत बताया है। ग्रामीणों का कहना है कि रघुनाथपुरा और दैपुर/देवनगर के बीच काफी दूरी है, जबकि दोनों गांवों के मध्य स्थित ग्राम पंचायत रघुनाथपुरा को स्वतंत्र पहचान देना ही व्यावहारिक और जनहित में है। यदि ग्राम पंचायत का नाम केवल रघुनाथपुरा रखा जाता है तो आमजन को प्रशासनिक, विकासात्मक और योजनाओं के क्रियान्वयन में अधिक सुविधा मिलेगी। ग्रामीणों ने इस त्रुटिपूर्ण नामकरण को शीघ्र सुधारने की मांग करते हुए कहा कि पूर्व प्रकाशित प्रथ प्रकाशन के अनुसार ही ग्राम पंचायत का नाम रघुनाथपुरा रखा जाए। इस मुद्दे को लेकर क्षेत्र में असंतोष का माहौल है और संबंधित विभाग से शीघ्र संशोधन की मांग की जा रही है।

## जयपुर में गूंजेगा श्रीयादे माता का जयघोष, जयंती महोत्सव पर निकलेगी भव्य शोभायात्रा

जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** प्रजापति समाज की सतयुग की प्रथम आराध्य देवी, भक्त शिरोमणि श्री श्रीयादे माता के जन्म जयंती के अवसर पर सांगानेर में इस वर्ष श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। श्री कष्णा पैराडाइज, कुम्भा मार्ग सांगानेर जयपुर (टोंक रोड) पर श्रीयादे माता जयंती महोत्सव एवं विशाल शोभायात्रा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह महोत्सव मंगलवार, 20 जनवरी 2026 (माघ सुदी 2, संवत 2082) को श्री कृष्णा पैराडाइज कुंभा मार्ग प्रताप नगर सांगानेर में धूमधाम से मनाया जाएगा। आयोजन को लेकर समाज में विशेष उत्साह का माहौल है और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

### शोभायात्रा रहेगी आकर्षण का केंद्र:

जयंती के अवसर पर शोभायात्रा डीजे के साथ गोविंदपुरा ठाकुर जी महाराज के मंदिर से प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होकर कालाबड़ फाटक, गौवधन नगर से होते हुए श्री कृष्णा पैराडाइज कुंभा मार्ग प्रताप नगर सांगानेर पहुंचेगी। शोभायात्रा में भजन-कीर्तन, धार्मिक झांकियां और समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता कार्यक्रम को भव्य स्वरूप प्रदान करेगी। मंगलवार को दोपहर 11.15 बजे दीप प्रज्वलित कर श्रीयादे माता का कार्यक्रम की शुरुआत होगी। 12.30 बजे से अतिथि भामाशाहों का स्वागत व सम्बोधन होगा। मंगलवार दोपहर को पौषबड़े वितरण किया जायेगा ओर श्रीयादे माता रानी की कृपा से भजन संध्या कीर्तन किया जाएगा।

### समाज से सहभागिता की अपील:

आयोजक संस्था की ओर से समस्त प्रजापति समाज बंधुओं से अपील की गई है कि वे अवकाश लेकर सपरिवार इस पावन आयोजन में सहभागी बनें और तन-मन-धन से सहयोग देकर महोत्सव को ऐतिहासिक व सफल बनाएं। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक एकता, सांस्कृतिक विरासत और शिक्षा के प्रति समाज की प्रतिबद्धता को भी सशक्त रूप से प्रस्तुत करता है।

## हैप्पी न्यू ईयर बाबा के जयकारो से गूंजा सालासर धाम

जयपुर टाइम्स

**सालासर(निस)।** विश्वविख्यात सिद्धपीठ सालासर धाम मे नये साल के पहले दिन लाखो श्रद्धालु बालाजी महाराज के दर्शन किए। ज्यो ही नववर्ष की शुरूआत हुई तो बालाजी महाराज के मुख्य प्रवेश द्वार के सामने श्रद्धालुओ ने हैप्पी न्यू ईयर बाबा के जयकारे लगाए। पूरे कस्बे मे जगह जगह आतिशबाजी कर हैप्पी न्यू ईयर का स्वागत किया। सालासर की हर गल्ली व हर चैराहे पर बालाजी महाराज के भक्तो का सलाब नजर आ रहा था।
नागरमल पुजारी ने बताया कि नववर्ष पर श्रद्धालुओ की भीड़ को देखते हुए रात्रि मे एक बजे मंदिर के पट्ट खोल दिए गए। रात्रि एक बजे से लेकर रात्रि नौ बजे तक करीब एक लाख 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओ ने बालाजी महाराज के दर्शन कर मनोकामना की। ज्यो ही नये साल की शुरूआत हुई तो श्रद्धालुओ ने लाईनो लगने शुरू हो गये और एक बजे पट्ट खुलते हुई बाबा के दर्शन किए। श्रद्धालुओ ने चूरमा, लड्डु, नारियल का प्रसाद का भोग लगाया। पूरे मंदिर परिसर को लाईटो से सजाया गया है।
नववर्ष पर अंजनी माता मंदिर मे भी श्रद्धालुओ ने माता के दर्शन कर मनोकामना की। मंदिर के पुजारी, मुकेश पारीक, रामगोपाल पारीक, योगेश पारीक, हेमेन्द्र पारीक ने बताया कि नववर्ष के उपलक्ष पर लाखो श्रद्धालुओ ने माता के दर्शन कर मनोकामना की।

## दूध की धार से बदली सोच: मण्डावा में युवाओं को नशे से दूर करने की अनूठी पहल

जयपुर टाइम्स




**मण्डावा(निस)।** नव वर्ष के अवसर पर लोक सेवा के संकल्प को जन-आंदोलन का रूप देते हुए लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट की ओर से गुरुवार को मण्डावा के गोयनका चौक में दूध महोत्सव का भावनात्मक व प्रेरणादायक आयोजन किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट ने समाज को सकारात्मक दिशा देने का संदेश देते हुए 'शराब छोड़ो, दूध से नाता जोड़ो' का सशक्त आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में युवाओं को दूध पिलाकर उन्हें नशामुक्त जीवन, स्वस्थ सोच और सकारात्मक ऊर्जा की ओर प्रेरित किया गया। आयोजन का उद्देश्य नव वर्ष की शुरुआत एक अच्छे संकल्प के साथ करना और युवाओं को बुरी आदतों से दूर रखते हुए स्वास्थ्य एवं संस्कारों से जोड़ना रहा। इस अवसर पर ट्रस्ट के मण्डावा तहसील अध्यक्ष राजेश रणजीरोत, मण्डावा प्रभारी दिलराज सिंह, मण्डावा तहसील एसटी युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित मीणा सहित विष्णु शेखावत, राहुल सैनी, सुमित सैनी, छगन सैनी, करण सैनी, सुमित कुमार, रोहित कुमार, शक्ति कुमार सहित अनेक कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमित मीणा ने कहा कि लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट पिछले सात वर्षों से निरंतर जरूरतमंदों की सेवा, सामाजिक सुधार और जनकल्याण के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखना आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और दूध जैसे पौष्टिक पेय के माध्यम से उन्हें स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना एक सार्थक प्रयास है। आयोजन के दौरान चौक का माहौल भावनात्मक और उत्साहपूर्ण रहा। स्थानीय लोगों ने ट्रस्ट की इस पहल की खुले दिल से सराहना करते हुए इसे समाज के लिए अनुकरणीय बताया। नव वर्ष पर इस तरह का संदेशात्मक आयोजन न केवल युवाओं को नई दिशा देने वाला रहा, बल्कि सामाजिक चेतना को भी मजबूत करता नजर आया।

# शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शुक्रवार
2 जनवरी, 2026

## क्षेत्रपाल बालाजी महाराज सेवा समिति ने किया पौष बड़ा आयोजन



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** नया बास में क्षेत्रपाल बालाजी महाराज सेवा समिति के तत्वाधान में गुरूवार को नव वर्ष के अवसर पर पौष बड़ा का भव्य आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ भगवान क्षेत्रपाल बालाजी महाराज की पूजा-अर्चना कर व पौष बड़ा का भोग लगाकर किया गया। समिति के ताराचन्द सैनी ने बताया कि नव वर्ष और मल मास को देखते हुये समिति के पदाधिकारियों ने पौष बड़ा का आयोजन किया। सैनी ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन से आपसी भाईचारा, प्रेम, सेवा और धार्मिक आस्था को मजबूती मिलती है। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ प्राप्त किया। आयोजन को सफल बनाने में समिति के पदाधिकारियों व स्थानीय लोगों ने सहयोगी भूमिका निभाई। कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारियों ने भविष्य में भी इस प्रकार के धार्मिक व सामाजिक आयोजन करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर लक्ष्मण सिंह, अरुण शर्मा, सुरेन्द्र सैनी, नरेंद्र सैनी, राजेंद्र सिंह, दीनदयाल सैनी, संजय शर्मा, मनीष स्वामी सहित बड़ी संख्या में समिति के पदाधिकारी व शहर के कई नागरिक मौजूद रहे।

## शिक्षक संघ (सियाराम) का प्रदेश स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन आज से

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) का दो दिवसीय प्रांतीय शैक्षिक सम्मेलन 2 से 3जनवरी तक महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय आदर्श नगर, जयपुर में होगा। संगठन के प्रदेश मंत्री पूसाराम स्वामी ने बताया कि सम्मेलन में शिक्षा, शिक्षार्थी और शिक्षकों की समस्याओं पर गहन -विचार विमर्श करके प्रस्ताव पारित कर राज्य सरकार को प्रेषित किया जाएगा। सम्मेलन में शिक्षा में गुणात्मक सुधार व शिक्षा में बढ़ते अनावश्यक राजनीतिक हस्तक्षेप, गैर शैक्षणिक कार्यों का बोझ व नई शिक्षा नीति की समीक्षा तथा अन्य विभिन्न अहम मुद्दों पर प्रदेश भर से शिक्षक खुले मंच से चर्चा करेंगे। चूरू जिले से प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कुमार शर्मा, प्रदेश पदाधिकारी महावीर प्रसाद प्रजापत, जिला अध्यक्ष आनंद कुमार डांगी, जिला मंत्री नारायण सिंह शेखावत के नेतृत्व में शिक्षक गण भाग लेंगे।

## भाजपा युवा मोर्चा ने किया नए वर्ष पर दूध वितरण



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** नववर्ष पर आजकर शराब पार्टी करना, क्लबों में जाना, नशे करना एक प्रचलन सा बन गया है। यह पूरा का पूरा पाश्चात्य संस्कृति का प्रभाव है। लेकिन सुजानगढ़ में भाजपा युवा मोर्चा ने नई पहल की और वर्ष के पहले दिन गांधी चौक में स्टॉल लगाकर आम लोगों और युवाओं को केसर युक्त दूध का वितरण किया। युवा मोर्चा संयोजक हिमांशु भाटी की पहल पर आयोजित हुए कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने केसर के दूध का आनंद लिया। हिमांशु भाटी ने कहा कि हमारे परम्परागत खाद्य और पेय पदार्थ इतने दमदार हैं कि वे हमें स्वस्थ जीवन की ओर ले जाते हैं, युवा वर्ग नशे से दूर हो, इसलिए यह पहल की गई। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया, महामंत्री गौरव इंदौरिया, भाजपा नेता बाबूलाल कुलदीप, प्रकाश भार्गव, पार्षद पुरुषोत्तम शर्मा, पार्षद रेवतमल पवांर, पार्षद पंकज घासोलिया सुभाष पारीक, मंडल उपाध्यक्ष अमरचंद सैन, सुमन सामरिया, शाहीद खान, शेरसिंह भाटी, सीताराम माली, शरीफ राईन, नेमीचंद प्रजापत, दिलीप सिंह चौहान, मनीष गोठड़िया, राकेश जांगिड़, राजेंद्र पथानीया, सिकंदर खान, वीरेंद्र गहलोत, ललित गुर्जर, आकाश बिनावरा, पवन बिनावरा, हैप्पी बिनवारा, हितेश सैन, अर्जुन सियोता, अमित लाखन, भौमिक भाटी आदि लोगों ने कार्यक्रम में लोगों को दूध वितरण किया और कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।

## हजारों लोगों को किया पौषबड़ा के प्रसाद का वितरण



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** बस स्टेंड स्थित सीयाराम बाबा बगीची में पोषबड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें दिनभर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। गोवर्धन खालसा के महामंडलेश्वर श्यामसुंदर दास महाराज के सानिध्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें राहगीरों, यात्रियों व श्रद्धालुओं को रोक-रोककर प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नरेंद्र भाटी, बृजकिशोर सोनी, दामोदर शर्मा, निर्मल सर्राफ, आलोक स्वामी, पूर्व सभापति बाबूलाल कुलदीप, भंवरलाल बुगालिया, बोदूराम प्रजापत, महेंद्र कुमार टाक, गोलू स्वामी, बाबूलाल माली, कपिल स्वामी, बाबूलाल प्रजापत, महेंद्र शर्मा, अजय अग्रवाल, मनीष स्वामी, श्रवण सुलोलिया, हेमराज प्रजापत, राकेश प्रजापत, सांवरमल नायक, दिनेश स्वामी आदि ने योगदान दिया।

## नव वर्ष 2026: मण्डावा से शेखावाटी तक उत्साह, उल्लास व उमंग, बहा लोक संस्कृति का दरिया



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** शेखावाटी की पर्यटन राजधानी मण्डावा से लेकर पूरे शेखावाटी अंचल के रेतीले धोरों तक नववर्ष- 2026 का स्वागत बुधवार रात को उत्साह, उल्लास व उमंग के साथ किया गया। सर्द हवाओं से घिरे मरु अंचल में जैसे ही घड़ी में रात के बारह बजे पूरा इलाका रोशनी, संगीत और आतिशबाजी की गूंज से सराबोर हो गया। शहर के होटल, रिसोट्स और डेजर्ट कैंप उत्सव के रंग में रंगे नजर आए। रात ठीक बारह बजते ही केक काटे गए और आसमान रंग-बिरंगी आतिशबाजी से जगमगा उठा। चारों ओर खुशी का शोर, तालियों की गूंज और बधाइयों का सिलसिला शुरू हो गया। सैलानियों ने एक-दूसरे को गले लगाकर, हाथ मिलाकर और मोबाइल व सोशल मीडिया के जरिए नववर्ष की शुभकामनाएं साझा कीं। देश - विदेश के कोने-कोने से और सात समंदर पार से पहुंचे पर्यटकों के चेहरों पर नए साल की खुशी साफ झलक रही थी। इस जश्न को खास बनाने में लोक संस्कृति की भूमिका प्रमुख रही। चकरी, घूमर, कालबेलिया और भवई नृत्यों ने मरुभूमि की सांस्कृतिक आत्मा को जीवंत कर दिया। लोक धुनों के बाद डीजे पर गूंजते बॉलीवुड गीतों ने माहौल को आधुनिक रंग दिया। मंच पर कलाकारों के साथ पर्यटक भी ताल से ताल मिलाते हुए देर रात तक थिरकते रहे। जश्न के बीच स्वाद का उत्सव भी देखने को मिला। रोशनी से सजे डांस फ्लोर और गूंजते संगीत के साथ परोसे गए जायकेदार व्यंजनों ने माहौल को और यादगार बना दिया। शहर के सितारा होटलों से लेकर रिसोट्स तक विशेष भोजन व्यवस्था की गई। राजस्थानी स्वाद में बाजरी के सोगरे और कैर-सांगरी के साथ देश के विभिन्न क्षेत्रों के व्यंजन शामिल रहे। वहीं इटालियन, कांटिनेंटल, फ्रेंच और मंचूरियन जैसे विदेशी व्यंजनों ने सैलानियों को खास अनुभव दिया। नववर्ष के अवसर पर मण्डावा में हर दिशा में सैलानियों की मौजूदगी दिखी। शहर के प्रवेश मार्गों पर चारपहिया वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। किला, हवेलियों और प्रमुख बाजार में दिनभर रौनक बनी रही। रात के समय सभी मार्ग पर यातायात का दबाव बढ़ा, जिसे नियंत्रित रखने के लिए विशेष प्रबंध किए गए और पुलिस सुरक्षा व्यवस्था भी की गई।

## कामधेनु गौसेवा समिति निस्वार्थ सेवा भाव का दूसरा नाम: जैकीराम



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** नगरपालिका अधिशासी अधिकारी जैकी राम गोयल अल सुबह अपनी टीम के साथ पहुँचे। इस अवसर पर उन्होने गौवंश को हरा चारा और गुड़ खिलाया। उल्लेखनीय है कि समिति की ओर से किया गया नवाचार अब रंग ला रहा है जहा लोग पहले होटलो में जाकर अपना जन्मदिन मनाते थे, वे अब गौशालाओं में गायों की सेवा कर जन्मदिन मनाने लगे है। पहले इस कड़ी में केवल आम लोग भाग लेते थे, अब अधिकारी लोग भी भाग लेने लगे हैं जो सब के लिए प्रेरणादायक है। इस दौरान जैकीराम ने कहा कि मंडावा में कामधेनु निराश्रित गौसेवा संस्था निस्वार्थ सेवा का दूसरा नाम है। मेरे यहां पद पर कार्यरत रहते हुए मैने अनेक बार यहां का निरीक्षण किया हैं। इस दौरान मैने हर बार इनको सेवा करते हुए ही देखा। यहां तक कि व्यवस्था, साफ सफाई, सर्दी से गौवंश का बचाव, गर्मी के दौरान कुलर पंखो की व्यवस्था बहुत ही अच्छी मिली है। इसके साथ ही निराश्रित, बेसहारा गौवंश को रखने के लिए उनका इलाज करने के लिए सदैव ये तैयार मिले है जो तारीफ के लायक है। इसके लिए समिति के सभी स्वयंसेवक धन्यवाद के पात्र है। मुकुंदगढ़ रोड स्तिथ टीकमदास आश्रम में संचालित कामधेनु निराश्रित गौसेवा समिति के सह कोषाध्यक्ष जयप्रकाश सोनी ने बताया कि इस अवसर पर उनके साथ नगरपालिका के स्टाफ आनंद जी सोलंकी , सत्यनारायण बावलिया, प्रवीण, सुरजीत, राजकुमार, मुकेश धाभाई, विकास उपस्थित रहे। इस दौरान समिति अध्यक्ष किशोर चौहान ने अधिशाषी अधिकारी जैकीराम को दुपट्टा पहनाकर इस नई शुरुआत के लिए स्वागत किया। इस दौरान समिति के रविन्द्र शर्मा, बाबू माथुर, गजेंद्र सिंह, बजरंग, मनीष उपस्थित रहे।

## 5100 महिलाओं के साथ निकली जाएगी ऐतिहासिक कलश यात्रा



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** श्री मसानिया भैरव धाम राजगढ़ अजमेर, मनोकामना पूर्ण स्तंभ की 23वीं वर्षगांठ के उपलक्ष सुजानगढ़ में सातवां विशाल जुलूस, नशा मुक्ति महारैली व 5100 महिलाओं के साथ कलश यात्रा के संबंध में सेन मंदिर में सर्व समाज की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अनेक सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। इस आयोजन को भव्य बनाने के लिए मौजूद लोगों ने एक साथ हुंकार भरी। गोपालपुरा पंचायत को प्रशासक सविता राठी ने कहा कि सनातन धर्म मानव धर्म के लिए प्रतिबद्ध है और महाराज चंपालाल इस धर्म को निभाने के उत्कृष्ट उदाहरण हैं। भाजपा मंडल अध्यक्ष विनय मटोलिया ने कहा कि सुजानगढ़ में सिद्ध पुरुष के रूप में पधार रहे श्रीयुत चंपालाल महाराज का पलक पांवड़े बिछा कर स्वागत किया जाएगा। नरेंद्र भाटी ने कहा कि कार्यक्रम हम सबका है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति कार्यकर्ता बन कर कार्य करे। पूर्व सरपंच केसरसिंह राजियासर ने व्यवस्था पर चर्चा की। सतीश डूखवाल ने बताया कि ओम पारीक, दिनेश पीपलवा ने स्वयं सेवकों की ओर से की जाने वाली व्यवस्था को सही करने पर बल दिया। रतन लाल नायक, पप्पू बागड़ा, सुरेन्द्र पारीक, रामरतन, रामसरुप, गौरव, भरत सिंह, प्रभा सिंह, धनराज प्रजापत, विजय सिंह, राजकुमार दाधीच, प्रभु बावरी आदि ने भी अपने विचार रखे।

## भक्तों की सहायतार्थ प्रभु लेते हैं अवतार

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सार्वजनिक सेवा समिति नलिया बास द्वारा निजी स्कूल के सामने चल रही श्रीमदभागवत कथा में तृतीय दिवस पर कथावाचक पंडित भवानी शंकर पारीक ने जब-जब भक्तों में संकट आता है, तब तब प्रभु भक्तों की रक्षा के लिए पृथ्वी पर अवतार लेते हैं। कथा में शक्ति चरित्र, भरत चरित्र, प्रहलाद चरित्र सुनाया गया। पंडित चंद्र प्रकाश ने पूजा अर्चना करवाई। समिति के सदस्य ईश्वर चंदोलिया, बाबूलाल यादव, डालम चंद तँवर, गौरधन टाक, धर्मवीर स्वामी, निर्मल तँवर, अनिल पँवार, रोहित टाक, अनिल स्वामी आदि ने व्यवस्था सम्भाली। संचालन संदीप जोशी ने किया

## बारिश से नए साल के जश्न में खलल

**मण्डावा(निस)।** मण्डावा क्षेत्र में गत रात को अचानक से मौसम का मिजाज बदल गया। तेज हवा के साथ हल्की बारिश होने से मौसम ठंडा हुआ। कस्बे में विभिन्न जगहों पर चल रहे नव वर्ष के कार्यकम बंद हुए। नव वर्ष का सेलिब्रेशन करने आए सैलानियों को परेशानी हुई। नए साल के जश्न में बारिश का खलल, बारिश के चलते मण्डावा की होटलो में चल रहे रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम कुछ समय के लिए रूक गए।

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, विद्युत खण्ड, बीकानेर**

क्रमांकः-अअ/वि.खण्ड/बी./निविदा/2025-26/1288 दिनांक :-24.12.25

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 35 / वर्ष 2025-26**
**(NIB Code No PWD2526A4862)**

निम्न हस्ताक्षर कर्ता द्वारा राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से विद्युतीकरण कार्यों के लिए मोहरबन्द निविदाएं सा.नि.वि., राज मे सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्रों की प्रति अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में निविदा आवेदन / डाउनलोड करने की दिनांक 26.12.2025 से 01.01.2026 तक सांय 6.00 बजे तक जमा कराई जा सकती है। तकनीकी निविदा दिनांक 02.01.2026 को प्रात 11.00 बजे खोली जायेंगी। प्री-बिड मिटिंग की दिनांक 29.12.2025 दोपहर 01.00 बजे है। निविदा की अन्य शर्ते एवं स्वीकृत तकमीना आदि का विवरण किसी भी कार्य दिवस के दौरान इस कार्यालय में उपस्थित होकर देखा जा सकता है। अन्य शर्ते व विवरण इस कार्यालय में व डीपीआर की वेबसाईट www.dipronline.org. http//sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। कुल कार्यों की संख्या 01 कुल लागत 37.17 लाख ।
UBN No. 1. PWD2526WSOB19457

भवदीय
(मनोज कुमार रावत) अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि. विद्युत खण्ड, बीकानेर

DIPR/C/19256/2025

## नए साल के साथ ही सर्दी की शुरूआत

जयपुर टाइम्स

*सुजानगढ़(नि.सं.)। ठंडी हवाओं के साथ सुबह आई ओस के कारण सर्दी में एकाएक इजाफा हुआ है। आम लोगों को इस बार सर्दी के देरी से आने की शिकायत थी, लेकिन नया साल लगने के साथ पहले ही दिन जनवरी की शुरूआत ही ठंड से हुई है। लोग दिन में अलाव तापते देखे गए। गर्म कपड़ों से लिपटे लोग अब नजर आने लगे हैं। दिन में सूर्यदेवता कुछ समय के लिए नजर आए। दोपहर बाद ठंडी हवाओं के कारण अब लोगों को अच्छी खासी ठंड का अहसास होने लगा है।*

**कार्यालय ग्राम पंचायत लालगढ**

**पंचायत समिति बीदासर**

दिनांकः - 30.12.2025

ग्राम पंचायत लालगढ में वर्ष 2025-26 निम्नांकित विकास कार्यो हेतु ई-निविदायें आंमत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित अन्य विवरण तथा समस्त निविदा शर्ते http//eproc.rajasthan.gov.in एवं http// sppp.rajasthan.gov.in देखी एवं डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | पत्रांक / दिनांक | निविदा संख्या | NIB NO | UBN No | वि. वि. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अटल ज्ञान केन्द्र लालगढ़ | 111-115/ 30.12.25 | 06 | ZCR 2526 A 1177 | ZCR 2526 WSOB 02030 | |
| 2 | ग्राम पंचायत लालगढ़ में पांच माह हेतु घर-घर (आवासीय एवं व्यवसायिक) से कचरा संग्रहण एवं सड़क, दूकानों के आगे सफाई, व नालीयों की सफाई तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई सहित कार्य | 116-120/ 30.12.25 | 07 | ZCR 2526 A 1178 | ZCR 2526 WSOB 02031 | |

प्रशासक
ग्राम पंचायत लालगढ

ग्राम विकास अधिकारी,
ग्राम पंचायत लालगढ

**कार्यालय ग्राम पंचायत पारेवडा**

**पंचायत समिति बीदासर**

**दिनांकः - 30.12.2025**

ग्राम पंचायत पारेवड़ा में वर्ष 2025-26 निम्नांकित विकास कार्यो हेतु ई-निविदायें आंमत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित अन्य विवरण तथा समस्त निविदा शर्ते http//eproc.rajasthan.gov.in एवं http// sppp.rajasthan.gov.in देखी एवं डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | पत्रांक / दिनांक | निविदा संख्या | NIB NO | UBN No | वि. वि. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अटल ज्ञान केन्द्र पारेवड़ा | 95-100/ 30.12.25 | 05 | ZCR 2526 A 1180 | ZCR 2526 WSOB 02033 | |
| 2 | ओपन जिम कार्य रा उ मा वि पारेवड़ा | 101-105/ 30.12.25 | 05 | ZCR 2526 A 1179 | ZCR 2526 WSOB 02032 | |
| 3 | ग्राम पंचायत पारेवड़ा के गावों में चार माह हेतु घर-घर (आवासीय एवं व्यवसायिक) से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण, सड़क, दूकानों के आगे सफाई व नालीयों की सफाई तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई सहित कार्य | 106-110/ 30.12.25 | 06 | ZCR 2526 A 1181 | ZCR 2526 WSOB 02034 | |

प्रशासक
ग्राम पंचायत पारेवड़ा

ग्राम विकास अधिकारी,
ग्राम पंचायत पारेवड़ा

**कार्यालय ग्राम पंचायत घटियाल बड़ी**

**पंचायत समिति बीदासर (चूरू)**

क्रमांकः- ग्रा.पं../खु.नि./2025-26/125-31 दिनांकः 31/12/2025

**खुली-निविदा सूचना संख्या-09/2025-26**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत घटियाल बड़ी पंचायत समिति बीदासर (चूरू) में स्वीकृत निम्नकार्यो को सम्पादित कराने हेतु पहली वर्षाकाल समाप्ति पश्चात एक वर्ष की डिफ़ेक्टिव लाइब्लिटिजके साथ उपर्युक्त श्रेणी राजस्थान / केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदकों से खुली निविदा प्रक्रिया द्वारा निर्धारित प्रपत्र / फार्म में दिनांक 31.12.2025समय दोपहर 12:00 पी. एम. बजे से निविदायें आमन्त्रित की जाती है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि (रूपये) | धरोहर राशि (रूपये) |
|---|---|---|---|
| 01 | हाई मास्क लाईट लगाने का कार्य आम गुवाड ग्राम ढिगारिया | 449709 | 8995 |

उक्त कार्यों के इच्छुक निविदादाताओं द्वारा निर्धारित शुल्क कार्यालय में जमा करवाकर दिनांक 06.01.2026 समय 11:00 ए. एम. बजे तक निविदा फार्म एवं शर्तो कि प्रति प्राप्त की जा सकती है। भरी हुई एवं सीलबन्द निविदाऐं दिनांक 06.01.2026 समय 12:00 पी. एम. बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा करवाई जा सकती है। धरोहर राशि निविदा आवेदन-पत्र के साथ संलग्न शर्तों अनुसार स्थानीय बीदासर बैंक शाखापर देय बैंक डी0डी0 / बैंकर्स चेक द्वारा जमा कराई जा सकेगी। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 06.01.2026 को दोपहर 02:00 बजे से गठित क्रय समिति के द्वारा खोली जायेगी । निविदा शुल्क प्रत्येक कार्य का रूपये 200/- जमा करवाना होगा। उक्त से संबन्धित अन्य विस्तृत शर्तें कार्यालय समय में ग्राम पंचायत कार्यालय में देखी जा सकती है। उक्त से संबन्धित अन्यविस्तृतविवरण http// sppp.rajasthan.gov.in NIBNo- ZCR2526A1191 UBNN- ZCR2526 WSOB2049 तक पर से Download कर देखा जा सकता है।

प्रशासक
ग्राम पंचायत घटियाल बड़ी
ग्रा.पं. बीदासर (चूरू)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत घटियाल बड़ी
ग्रा.पं. बीदासर (चूरू)

## पाले से फसलों को बचाने के लिए करें आवश्यक उपाय

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में विगत दिनों से लगातार गिरते तापमान व शीतलहर चलने के कारण फसलों पर पाला पड़ने की संभावना के चलते चेतवानी जारी की गई है। संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार जिला परिषद प्रभुदयाल शर्मा ने बताया कि पाले से सरसों, सब्जियों व अन्य फसलों के फल-फूल झुलसकर गिर जाते है। जिससे उत्पादन पर विपरित प्रभाव पड़ता है। उन्होंने किसानों को सलाह दी है कि पाले की संभावना होने पर खेत में हल्की सिंचाई करें। जिससे भूमि का तापमान उचित बना रहे। उन्होंने बताया कि इसके अलावा खेत की उत्तर-पश्चिम दिशा की मेड़ों पर कूड़ा-कचरा जलाकर धुंआ करना भी लाभादायक रहता है। फसल की सुरक्षा के लिए 0.1 प्रतिशत गंधक का तेजाब या घुलनशील गंधक का छिड़काव किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि नव स्थापित पौधों एवं छोटी सब्जियों को टाट या पॉलिथीन से ढक कर ठंडी हवाओं के प्रभाव से बचाया जा सकता है।

## जिले में धातु, सिंथेटिक मांझे की थोक व खुदरा बिक्री निषेध

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जन स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं मानव, पशु, पक्षियों की जान के खतरे तथा विद्युत प्रसारण को बाधा रहित बनाये रखने के लिए धातु निर्मित मांझा, पतंग उड़ाने के लिये पक्का धागा, नायलोन, प्लास्टिक मांझा, चाईनीज मांझा जो सिंथेटिक व टोक्सीक मेटेरियल यथा आयरन पाउडर ग्लास पाउडर के बने होते हैं उनके उपयोग व विक्रय पर रोक लगाई गई है। जिला मजिस्ट्रेट श्रीनिधि बी टी ने नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए जन स्वास्थ्य व विद्युत संचालन बाधारहित बनाएं रखने एवं पक्षियों के लिये बड़े पैमाने पर खतरा बन चुके धातु निर्मित मांझे की थोक व खुदरा बिक्री तथा जिले की राजस्व सीमा व क्षेत्राधिकारता में उपयोग पर प्रतिबंध लगाए जाने के आदेश दिए हैं। साथ ही पक्षियों को नुकसान से बचाने के लिए प्रातः 6 बजे से 8 बजे तथा सायं 5 बजे से 7 बजे तक की समयावधि में पतंगबाजी पर भी प्रतिबंध रहेगा।

## नई साल की खुशी में शराब पीकर अवैध देशी कट्टे से फायर करने वाला व्यक्ति गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में जिले में चलाये जा रहे वांछित अपराधियों के विरुद्ध धरपकड़ अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ डॉ कमल कुमार तथा वृत्ताधिकारी वृत्त बाड़ी महेन्द्र मीणा के सुपरविजन में बसई डांग थानाधिकारी दुर्गसिंह उप निरीक्षक व पुलिस थाना टीम की ओर से 01 जनवरी 2026 को गांव वरीपुरा में मध्य रात्रि को नववर्ष की खुशी में शराब पीकर अवैध देशी कट्टे से फायर करने वाले व्यक्ति मायाराम पुत्र रामजीलाल गुर्जर उम्र 40 साल निवासी वरीपुरा थाना बसई डांग को मय एक देशी कट्टा 315 बोर मय एक जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया। इलाका थाना क्षेत्र में वांछित अपराधियों एवं अवैध हथियारों को रखने वालों के विरुद्ध धरपकड़ अभियान जारी है।

## इश्क में डूबी रजनी ने रची मौत की पटकथा, गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

धौलपुर(निस)। दौनारी गांव में प्रेम प्रसंग के चलते एक पत्नी की ओर से अपने ही पति की हत्या कराने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। प्यार के अंधे जुनून ने रिश्तों की सारी मर्यादाएं तोड़ दीं और एक पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने ही पति को मौत के घाट उतरवाने की साजिश रच डाली। पुलिस ने इस जघन्य हत्याकांड में मृतक की पत्नी रजनी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा एवं वृताधिकारी कृष्ण राज जांगिड़ के सुपरविजन में थाना कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी महिला रजनी निवासी दौनारी को हिरासत में लिया। आरोपी से घटना को लेकर गहन पूछताछ और अनुसंधान जारी है। पुलिस पूछताछ में आरोपी महिला ने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। रजनी ने स्वीकार किया कि पिछले करीब एक वर्ष से उसका प्रेमी शाहरुख खान के साथ अवैध प्रेम संबंध चल रहा था। इस रिश्ते की जानकारी उसके पति रविकांत को हो गई थी, जिसके बाद वह लगातार रोक-टोक और विरोध करने लगा था। इसी बात से क्षुब्ध होकर रजनी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति को रास्ते से हटाने की साजिश रच डाली। जांच में यह भी सामने आया है कि हत्या पूरी तरह पूर्व नियोजित थी और दोनों आरोपियों ने सुनियोजित तरीके से इस वारदात को अंजाम दिलवाया। पुलिस अब इस हत्याकांड में प्रेमी शाहरुख खान की भूमिका, हत्या की साजिश, प्रयुक्त साधनों और घटनाक्रम की कड़ियों को जोड़ने में जुटी हुई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अनुसंधान के दौरान और भी चौंकाने वाले तथ्य सामने आ सकते हैं।

### एक समस्या का समाधान हुआ नहीं, दूसरी समस्या कर दी उत्पन्न

# सुविधा बनी दुविधाः सीवरेज का गंदा पानी निकासी के प्रयास में तोड़ी पेयजल लाइन

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** आनंद नगर पानी की टंकी के पास स्थित सेवानिवृत शिक्षक ओम प्रकाश शर्मा, सेवानिवृत्ति पशु चिकित्सा डॉक्टर महेश चंद शर्मा, अशोक शर्मा दीनदयाल शर्मा व राजकुमार शर्मा के मकान के सामने जल भराव की समस्या सड़क पर गंदा सीवर का पानी इकट्ठा होने से बनी हुई है। यह समस्या आनन्द नगर में सैंपऊ रोड से बद्री सिंह सिकरवार के मकान तक जाने वाली सड़क एवं इस सड़क से ध्वजपुरा वाले राजेंद्र सिंह के मकान से पानी की टंकी की ओर आने वाली सड़क के किनारे खोदे गए कच्चे नाल एवं इस नाले से पानी का निकास एक सिरे से दूसरे सिरे तक नहीं होने के कारण लगभग 1 वर्ष से नागरिक गंदे पानी के बीच रहने को मजबूर है। मकान क्षतिग्रस्त होने के कगार पर है कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है, गंदे पानी से आवागमन अवरुद्ध है। इस समस्या के निदान के लिए सीएम हेल्पलाइन 181 पर शिकायत के निस्तारण के लिए 31 दिसंबर 2025 को सफाई निरीक्षक सियाराम शर्मा के निर्देशन में एक जेसीबी और एक ट्रैक्टर दोपहर 11:00 बजे आया जेसीबी का वाहन चालक नौसिखिया होने के कारण पानी की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। सीसी सड़क कच्चा नाला साफ करते समय टूट गई, जिसके कारण 1 जनवरी 2026 को प्रातः 5:30 बजे पेयजल सप्लाई करते समय पाइप लाइन में से तेजी के साथ पानी निकलना शुरू हुआ। सड़क और गड्ढे भर गए पानी तेजी से दौड़ने लगा यूं तो सीवर के गंदे पानी व बरसाती पानी के निकास के लिए एक सिरे से दूसरे सिरे तक नालों की सफाई नहीं होने से सड़क के दो दोनों और नालियां नहीं खोदे जाने से नई नालियां नहीं बनाए जाने से अनेक समस्याएं नगर परिषद क्षेत्र की 66 कॉलोनी से अधिकारी और जनप्रतिनिधियों को भेजी गई है । इन समस्याओं के निदान के लिए 260 करोड़ रूपया राज्य सरकार से स्वीकृत होने पर किए जाने का भरोसा दिया जाता रहा है । 27 जनवरी 2025 को नगर परिषद ने निदेशक स्वास्थ्य शासन विभाग राजस्थान सरकार जयपुर को 260 करोड रुपए की स्वीकृति के लिए पत्र भेजा था, स्वीकृति अभी तक प्राप्त नहीं हुई है, 1 वर्ष गुजर गया नव वर्ष से पूर्व 31 दिसंबर 2025 को दोपहर 11:00 बजे समस्या के निधन के लिए की गई कार्यवाही से समस्या और चौगुनी हो गई, कालोनी में पानी की टंकी के पूर्व व उत्तर की तरफ के परिवार सीवर के गंदे पानी के बीच नारकीय जीवन जी रहे हैं । महिलाएं जिला कलेक्टर से मिलने के लिए उनके कार्यालय पहुंची जब मुलाकात संभव नहीं हुई तो एक लिखित आवेदन उपखंड अधिकारी धौलपुर को समस्या के निधन के लिए दिया गया। नव वर्ष की शुरुआत में समस्या और बढ़ जाने से चिंता जनक स्थिति हो गई है । नारकीय जीवन जीने के लिए मजबूर आमजन की समय रहते समस्या का समाधान नहीं होने पर जान माल की बड़ी दुर्घटना कभी भी घटित हो सकती है । जिम्मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से अनुरोध है कि आम नागरिकों की जान-माल की सुरक्षा करते हुए सुशासन देने का प्रयास करें।

### तुम मेरे स्वच्छ मन से मिलो तो सही, राधिका बन कर तुम्हारे कदम चूम लूं.

## नव वर्ष पर कवि सम्मेलनः कवियों ने बिखेरा रंग, श्रोता मंत्रमुग्ध

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** चंबल कला व साहित्य संस्थान के तत्वाधान में नूतन वर्ष के उपलक्ष्य में गुरुवार को कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। स्थानीय एवीएम कन्वेंट स्कूल में आयोजित कवि सम्मेलन में देश के नामचीन कवियों ने राजनीति, भ्रष्टाचार, श्रृंगार व ओज सहित अन्य विषयों पर काव्य पाठ किया। आयोजन में संस्था की ओर से वरिष्ठ कवि व साहित्यकार विकल फर्रुखाबादी का 'साहित्य भूषण' के रूप में सम्मान भी किया गया। कवि सम्मेलन के आरंभ में चंबल कला व साहित्य संस्थान के अध्यक्ष प्रदीप कुमार वर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों ने आमंत्रित कवि और अतिथियों का माला पहनाकर व प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत व सम्मान किया। कवि सम्मेलन का आगाज कवि बाबूलाल सागर ने मां शारदे की वंदना से किया। भरतपुर से आई कवयित्री प्रिया शुक्ला ने नारी के सम्मान और राष्ट्र में नारी की स्थिति का वर्णन करते हुए अपनी प्रतिनिधि रचना ' रिश्तो की पावन डोर में गुथी हुई एक माला हूं मैं...' प्रस्तुत की। शुक्ला ने श्रृंगार के कई मनोहारी छंद व मुक्तक सुनाकर खूब समां बांधा। कवि सम्मेलन का संचालन करते हुए वरिष्ठ कवि व गीतकार विकल फर्रुखाबादी ने अपनी रचना 'तुम मेरे स्वच्छ मन से मिलो तो सही, राधिका बन कर तुम्हारे कदम चूम लूं.......' प्रस्तुत की, जिसे श्रोताओं ने करतल ध्वनि से सराहा। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए शिक्षाविद वीरेंद्र त्यागी ने अपनी रचना हम आवारा स्वर प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कवि डॉ. राकेश दीक्षित ने श्रंगार की रचना तुम्हारी प्रीत में पल-पल संवरते जा रहे हैं हम प्रस्तुत की। कवि राम पटसारिया ने मां की महिमा पर रचना दिल मेरा रोना चाहता है, जब कोई मां की बात करता है प्रस्तुत की। कवि सम्मेलन में कवयित्री नंदिनी शर्मा ने श्रृंगार, आकाश परमार ने धौलपुर की संस्कृति, प्रेम प्रसून ने भगवान श्रीराम की महिमा, प्रेम शंकर करेला ने वंदेमातर,श्रीराम गोस्वामी ने श्रंगार एवं बाड़मेर के कवि योगेंद्र रघुवंशी ने भगवान शिव की महिमा का गुणगान करते हुए काव्य पाठ किया।

## एसपी विकास सांगवान ने अपराधियों पर कसी नकेल, गश्त बढ़ाई, चैकिंग जारी

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में धौलपुर पुलिस नव वर्ष की पूर्व संध्या पर शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह सतर्क है। जिले में किसी भी तरह की अव्यवस्था, हुड़दंग या कानून व्यवस्था बिगाड़ने के प्रयासों को रोकने के उद्देश्य से सभी थानों की पुलिस टीमें अपने अपने इलाकों में पैदल, मोटरसाइकिल गश्त कर रही है। जिले की प्रमुख सड़कों, बाजारों, चौराहों, होटल, ढाबों और संवेदनशील स्थानों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ भी कड़ी चेतावनी जारी की गई है और उन्हें कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जानकारी दी गई। ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों पर विशेष नजर रखी जा रही है, जिससे सड़क हादसों की संभावनाओं को कम किया जा सके। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा, वृताधिकारी वृत्त धौलपुर कृष्ण राज जांगिड सहित थाना कोतवाली, थाना निहालगंज सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ



धौलपुर शहर के मुख्य बाजारों व भीड़भाड़ वाले इलाकों में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इन स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती बढ़ा दी गई है। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया कि नए साल के मद्देनजर जिलेभर में सघन चेकिंग की जा रही है और शराब पीकर ड्राइविंग, स्टंटबाजी और कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम जनता से नियमों का पालन करने की अपील की है।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ, परिवहन विभाग ने प्रदर्शनी लगाई

### 1 जनवरी से 31 जनवरी तक चलेगा सड़क सुरक्षा माह

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिला परिवहन व सड़क सुरक्षा विभाग की ओर से सड़क सुरक्षा व राज्य मंत्रालय भारत सरकार के आदेश की पालना में शुरू किए गए सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत गुलाब बाग चौराहे पर सड़क सुरक्षा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के साथ वर्ष 2026 की शुरुआत हुई है। सड़क सुरक्षा माह 31 जनवरी तक चलाया जाएगा। विभाग की ओर से शहर के सबसे व्यस्ततम चौराहे पर प्रदर्शनी लगाई जा रही है। जिसका उद्देश्य लोगों को यातायात नियमों की प्रति जागरूक करना है। सीख से सुरक्षा टेक्नोलॉजी से परिवर्तन के ध्येय को ध्यान में रखकर पूरे माह अभियान चलाया जाएगा। इस अवसर पर परिवहन निरीक्षक श्रीकांत कुमावत ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि प्रदर्शनी में यातायात नियमों से संबंधित पोस्टर लगवाए गए हैं जिससे लोगों को यातायात नियमों की जानकारी हो सके। साथ ही




प्रदर्शनी में नियमों की अवहेलना पर जुर्माने को भी दर्शाया गया है। जिला यातायात प्रभारी बलविंदर सिंह ने कहा कि परिवहन विभाग के सहयोग से जनवरी माह में चलाए जा रहे अभियान की शुरुआत की गई है। प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य लोगों को यातायात नियमों की पालन करना है ना कि उनके खिलाफ चालान की कार्रवाई करना है, मगर जो वाहन चालक यातायात नियमों की अवहेलना करते हैं उनके विरुद्ध विभाग की ओर से चालान की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## शीतलहर का प्रकोप, चिकित्सा विभाग ने जारी की एडवाइजरी

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले सहित समूचे उत्तर भारत में शीतलहर का प्रकोप जारी है। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के निर्देश पर चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग ने आमजन के लिए शीतलहर से बचाव के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश और एडवाइजरी जारी की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने बताया कि आमतौर शीतलहर दिसंबर और जनवरी में घटित होती है, जिसके चलते सर्द हवाओं के कारण स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ने के साथ-साथ यदा कदा जनहानि होने की आशंका भी रहती है। ऐसे में सतर्क रहना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि ऐसे समय में कुछ छोटी छोटी सावधानी बरत कर शीतलहर से बचा जा सकता है।

### शीतलहर से होने वाले दुष्प्रभावः

डॉ. मीणा ने बताया कि शीतलहर का नकारात्मक प्रभाव बुजुर्गों और छोटे बच्चों पर अधिक होता है। शीतलहर से प्रभावित रोगियों के लक्षण में शरीर का ठण्डा पड़ जाना, शरीर का सुन्न पड़ना, नाड़ी का धीमा व मन्द पड़ जाना, रोंगटे खड़े हो जाना व श्वसन तेज चलना आदि होता है। रोगी के समय पर उपचार नहीं लेने पर रोगी की मृत्यू भी हो सकती है। दिव्यांग व्यक्तियों, दीर्घकालिक बीमारियों से पीड़ित रोगियों, खुले क्षेत्र में व्यवसाय करने वाले छोटे व्यवसायियों के लिए भी शीत लहर के दौरान विशेष सतर्कता बरतना आवश्यक है। इसको दृष्टिगत रखते हुए आमजन को जागरूकता के लिए आवश्यक दिशा-निर्देशों का पालन करना चाहिए।

### शीतलहर से ऐसे करें बचावः

उन्होंने बताया कि शीत लहर अथवा पाले से बचाव के लिए गर्म वस्त्र व कई परतों में कपड़ों का उपयोग किया जाना चाहिए। जहां तक हो सके घर के बाहर कार्य के लिए दिन में निकले। स्वयं को व बच्चों को उपलब्ध ऊनी कपड़ो से ढ़कें। फुटपाथ पर रहने वाले भ्रमणशील जातियां जैसे भिखारी, गाड़िया लुहार आदि रात्रि में रैन बसेरा, सार्वजनिक भवन, धर्मशालाओं में रहें। खुले स्थान पर न सोयें रात्रि में बाहर कार्य करना अथवा रहना आवश्यक हे तो अपने पास अंगीठी अथवा अलाव लगाकर तापने की व्यवस्था करें। शीतलहर में अधिकतर गर्म भोजन का सेवन करें और खाद्य पदार्थ जैसे गुड़, तिल, चिकनाई, चाय, कॉफी आदि का सेवन करें। शारीरिक श्रम अधिक करें हो सके तो सुबह व्यायाम करें। तेल की मालिश करें। जिस शीतलहर से प्रभावित व्यक्ति को कम्बल, रजाई आदि से ढ़कें। पास में अंगीठी, हीटर आदि जलायें। गर्म पेय पदार्थ गुड़, चाय, चिकनाई (घी), कॉफी, तेल का अधिक उपयोग करें ,गर्म पानी की थैली उपलब्ध होतो उससे सेक करें। बाद में पास के चिकित्सालय में दिखाऐं, जहां तक हो सके गर्म पानी से नहायें। शीतलहर से प्रभावित होने पर व्यक्ति को शीघ्र ही नजदीकी चिकित्सा संस्थान में उपचार के लिए ले जाए।

### सीनियर वर्ग में बालाजी जूनियर वर्ग में सोना ब्रिक्स रही विजेता

# शहीद भगत सिंह फुटबॉल लीग का समापन, आतिशबाजी से गूंजा आसमान

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** सिक्ख समुदाय व खालसा क्लब के सहयोग से इंदिरा गांधी स्टेडियम पर चल रहे शहीद भगत सिंह फुटबॉल लीग सीजन 3 का भव्य समापन आतिशबाजी के साथ किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा रहे। वैभव शर्मा ने उपस्थित खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि धौलपुर जैसे शहर में इतना भव्य आयोजन बहुत बड़ी बात है धौलपुर में महानगरों की तर्ज पर खालसा क्लब की ओर से शहीद भगत सिंह फुटबॉल लीग का जो आयोजन कराया जा रहा है वह काबिले तारीफ है। इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से ही राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतिमाएं निकलती है। उन्होंने आयोजकों को सफल आयोजन के लिए



शुभकामनाएं दी। आर ए सी 6 बटालियन डिप्टी कमांडेंट सुरेश सांखला ने फुटबॉल के खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी और कहा कि हार जीत खेल में कोई मायने नहीं रखती। मायने रखता है खिलाड़ी का अनुशासन।

शहीद भगत सिंह फुटबॉल लीग सीजन 3 में फुटबॉल के खिलाड़ियों ने बेहतर अनुशासन का परिचय दिया है और जीत सदैव खेल की होती है। पूर्व विधायक अब्दुल सगीर ख़ान ने कहा कि धौलपुर में पहली बार फुटबॉल का इतना बड़ा आयोजन किया जा रहा है। इतना बड़ा आयोजन पूरे राजस्थान में अभी तक नहीं हुआ और आयोजको की ओर से इस आयोजन का जो नाम दिया गया है। शहीद भगत सिंह वह प्रेरणा स्रोत है। पूर्व उपसभापति निशांत चौधरी ने कहा कि धौलपुर के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर धौलपुर का नाम गौरवित कर रहे हैं। यह फुटबॉल के लिए अच्छे संकेत हैं। आने वाले समय में भारत की टीम में हमारे धौलपुर के फुटबॉल खिलाड़ी खेलें, ऐसी मेरी शुभकामनाएं है। इस अवसर पर जिला यातायात प्रभारी बलविंदर सिंह ,हॉकी संघ के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह बोहरा, भारतीय जनता पार्टी के पूर्व अध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर, जिला खेल अधिकारी अशोक कुमार संजीव झा, मोहम्मद जाकिर हुसैन, हरजीत सिंह, बलवीर सिंह, दलजीत सिंह, ओंमकार सिंह अर्जुन सिंह, हिम्मत सिंह, फतेह सिंह, हरदीप सहोता, हरविंदर सिंह, परमजीत सिंह बेंस व राकेश परमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में सोना ब्रिक्स फुटबॉल क्लब ने जूनियर वर्ग में 5-1 से मचकुंड फुटबॉल क्लब को पराजित किया। सीनियर वर्ग में बालाजी फुटबॉल क्लब ने इंकलाब सिंडिकेट फुटबॉल क्लब को 3-0 से पराजित किया। समापन समारोह के दौरान संतोष ट्रॉफी में चयनित होने पर अतिथियों की ओर से अंगद तोमर का माला व साफा पहनकर सम्मान किया गया। बेस्ट स्कोर ऑफ़ द टूर्नामेंट मचकुंड फुटबॉल क्लब के चंद्रेश रहे। बेस्ट डिफेंडर ऑफ़ द टूर्नामेंट पचौरी फुटबॉल क्लब के आर्यन रहे। बेस्ट गोलकीपर ऑफ़ द टूर्नामेंट मंजरी फुटबॉल क्लब की आरती रही। बेस्ट प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट सोना ब्रिक्स के अंशुल रहे। बेस्ट अमेजॉन प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट भारत फुटबॉल क्लब के दीपेश रहे। प्रतियोगिता के रेफरी जावेद अली दिनेश कुमार अनुराधा बिलवाल ललिता चौधरी व जावेद खान रहे। समापन समारोह में उपस्थित अतिथियों का जिला फुटबाल संघ के अध्यक्ष गुरमीत मान व सचिव संदीप राना द्वारा आभार प्रकट किया गया। प्रतियोगिता का समापन राष्ट्रगान व आतिशबाजी के साथ किया गया गया।

## संयुक्त कर्मचारी महासंघ ब्लॉक पाटन की नई कार्यकारिणी घोषित

जयपुर टाइम्स

**पाटन(निस)।** अखिल राजस्थान राज्य संयुक्त कर्मचारी महासंघ ब्लॉक पाटन की कार्यकारिणी का निर्वाचन कार्यक्रम दिनांक 31 दिसंबर को सम्पन्न हुआ। निर्वाचन के पश्चात नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई जिसमें विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को दायित्व सौंपे गए। निर्वाचन में नरेश कुमार यादव ऑफिस कानूनगो को अध्यक्ष चुना गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर विनोद कुमार ग्राम सेवक संघ तथा उपाध्यक्ष पद पर दानसिंह मंत्रालयिक संघ को मनोनीत किया गया। मंत्री पद की जिम्मेदारी संजय गुर्जर रा.शि. संघ से शेखावत को दी गई। वहीं संयुक्त मंत्री पद पर ख्यालीराम गुर्जर कृषि पर्यवेक्षक को चुना गया। कोषाध्यक्ष के रूप में शिशुपाल सैनी को दायित्व सौंपा गया। इसके अलावा संगठन मंत्री पद पर राजेन्द्र प्रसाद यादव चिकित्सा विभाग प्रचार मंत्री पद पर अनिल कुमार भारक पशुपालन विभाग, कार्यालय मंत्री पद पर जितेन्द्र कुमार मीना मंत्रालयिक को नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी में विधि मंत्री खेल व सांस्कृतिक मंत्री और अन्य सदस्य पद भी शामिल किए गए हैं। नवगठित कार्यकारिणी ने कर्मचारी हितों की रक्षा संगठन को मजबूत करने और समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।



## भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने की जनसुनवाई



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने अपने निज निवास पर नववर्ष के शुभ अवसर पर गुरुवार को जनसुनवाई कार्यक्रम रखा जिसमें शहर व आसपास के गाँवों से आये लोगों ने पानी, बिजली, सड़क शिक्षा, चिकित्सा सहित विभिन्न आदि समस्याओं से जांगिड़ को अवगत करवाया तो वहीं जांगिड़ ने संबधित अधिकारियों को उक्त समस्याओं को दूर करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने जांगिड़ को नव वर्ष की बधाई दी तो वहीं जांगिड़ ने भी सभी आगन्तुकों को नये साल की हार्दिक शुभकामनाए दी। जांगिड़ ने कहा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिँह राठौड़ के नेतृत्व में क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे है।

## जरूरतमंदों की सेवा से बढ़कर कोई पुण्य का कार्य नहीं:बहड़

### नगर श्री सभागार में जरूरतमंदों को कंबल वितरित




जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला मुख्यालय स्थित नगर श्री सभागार में गुरूवार को नववर्ष के उपलक्ष में जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। रेडक्रॉस सोसाइटी के जगदीश शर्मा ने बताया कि दिल्ली प्रवासी व चूरू निवासी संजय सुराणा व पवन बैंगानी के आर्थिक सौजन्य व इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी जिला शाखा चूरू के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित यह कार्यक्रम पूर्व सभापति रामगोपाल बहड़ के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। बहड़ ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा से बढ़कर कोई पुण्य का कार्य नहीं है। उन्होंने नर सेवा को नारायण सेवा मानकर किए जा रहे इस पुनीत कार्य के लिए आयोजकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर नगर श्री सचिव व रेडक्रॉस सोसाइटी के उपाध्यक्ष श्याम सुंदर शर्मा, रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव रघुनंदन शर्मा, छतरसिंह डागा, बालकृष्ण बंसिया, ओमप्रकाश तंवर, रामेश्वर लाल पंवार, बृजेंद्र दाधीच, सुरेश सर्राफ व राजेश मंडावेवाला सहित कई लोग मौजूद रहे।




# गौशाला होने के बाद भी निराश्रित बेसहारा पशु घूम रहे भूखे

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में निराश्रित बेसराहा गौवंश दिनभर भूखे प्यासे घूमते रहते हैं। इधर-उधर मुंह मारकर अपना पेट भरते हैं या प्लास्टिक की थैलियां कूड़ा कचरा खाकर अपना गुजर बसर कर रहे हैं। सर्दी में गोवंश के हालात गंभीर है। सरदारशहर में चुरू जिले की सबसे बड़ी धनाढ्य गौशाला होने के बाद भी शहर में घूम रहे निराश्रित बेसहारा गोवंश के लिए कोई व्यवस्था नहीं होना एक बड़ा सवाल हर आदमी के जहन में देखा जा रहा है। नगर परिषद सभापति राजकरण चौधरी द्वारा शहर में विकास की जो रफ्तार बढ़ाने का काम किया है। शहर के विकास कार्यों में तेजी लाई गई है। उसके साथ-साथ अगर शहर में भूखे प्यासे घूम रहे निराश्रित बेसहारा गोवंश को गौशाला में पहुंचाने का कार्य अगर किया जाए तो शहर का हर नागरिक हमेशा सभापति को याद करता रहेगा। शहर में दिन प्रतिदिन निराश्रित गोवंश की तादाद बढ़ती जा रही है। हर गली मोहल्ले और चौराहों पर निराश्रित गोवंश भूखे प्यासे घूमते हुए नजर आ रहे हैं। शहर में वर्षों से लोगों की ओर से शहर की गौशाला में गोवंश को पहुंचाने के लिए आवाज उठाई जाती है। नगर परिषद प्रशासन की ओर से कुछ पशुओं को वहां पहुंचकर इति श्री कर ली जाती है। लेकिन अगर नगरपरिषद चाहे तो शहर में एक भी निराश्रित गोवंश भूखा नहीं रह सकता और पशुपालकों को पाबंद कर दे कि अगर अपने गोवंश को बाहर खुला छोड़ जाएगा तो नगर परिषद की ओर से उसे गौशाला पहुंचाया जाएगा और छोड़ने पर गौशाला की रसीद कटवाकर फाइन भरना होगा। तभी वह गोवंश वापस छोड़ा जाएगा। बड़े शहरों में इस तरह के कानून बने हैं। जिससे वहां पर गोवंश सड़कों पर नजर नहीं आता है। शहर में घूम रहे निराश्रित गोवंश को अगर गौशाला में पहुंचाया जाए तो गौशाला के पास इतनी बड़ी व्यवस्था भी है और सभी गोवंशों के लिए चारा पानी की व्यवस्था हो सकती है। अगर नगर परिषद सभापति शहर के विकास के साथ-साथ यह एक नेक कार्य और कर दे तो शहर की जनता हमेशा याद करेगी। भूखे प्यासे निराश्रित गोवंश लड़ते हैं तो बाजारों में काफी नुकसान भी करते हैं और उनकी लड़ाईयों की चपेट में आने से शहर में कई लोग अपनी जान भी गंवा चुके हैं। फिर भी प्रशासन द्वारा इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।




## चूरू में कोहरे से नव वर्ष का स्वागत, बारिश के बाद सर्द हवाओं ने बढ़ाई ठिठुरन

### विजिबिलिटी 100 मीटर से भी रही कम



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिले में नये साल की शुरुआत घने कोहरे और सर्द हवाओं के साथ हुई। बुधवार रात से बदले मौसम के मिजाज ने लोगों को ठिठुरा कर रख दिया। गुरुवार सुबह कोहरे के कारण विजिबिलिटी 100 मीटर से भी कम दर्ज की गई, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। इससे पूर्व बुधवार रात बूंदाबांदी से शुरू हुई बारिश जो रात करीब 11 बजे तक जारी रही। यह बारिश चने की फसल के लिए फायदेमंद होगी। बारिश के बाद चली सर्द हवाओं ने आमजन को ठिठुरा कर रख दिया है। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से उत्तरी हरियाणा और आसपास के क्षेत्र के ऊपर एक परिसंचरण तंत्र बना हुआ है। इसके असर से बीकानेर, जोधपुर, अजमेर संभाग और शेखावाटी क्षेत्र के कुछ जिलों में गरज-चमक के साथ मावठ (हल्की बारिश) होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि गुरुवार को बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग के कुछ इलाकों में मेघ गर्जन के साथ हल्की बारिश हो सकती है। राज्य के उत्तरी, पश्चिमी और पूर्वी भागों में 1 से 3 जनवरी को घना कोहरा और कहीं-कहीं अति घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। 2 जनवरी से मौसम शुष्क रहने की उम्मीद है। शर्मा ने बताया कि राज्य के शेखावाटी क्षेत्र में 3 से 4 जनवरी के दौरान शीतलहर चलने की संभावना है। इस अवधि में न्यूनतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की जा सकती है। मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार को अधिकतम तापमान 15.3 और न्यूनतम तापमान 11.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## कोला की नांगल विद्यालय को मर्ज करने का विरोध, ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**पाटन(निस)।** इलाके के कोला की नांगल स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय को रैया का बास के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में मर्ज किए जाने के आदेश के विरोध में गुरुवार को ग्रामीणों का आक्रोश देखने को मिला। दर्जनों ग्रामीणों ने मुख्य ब्लॉक प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी (सीबीईओ) को ज्ञापन सौंपते हुए विद्यालय को यथावत कोला की नांगल में ही संचालित रखने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि कोला की नांगल के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में वर्तमान में 152 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। शिक्षा निदेशालय की ओर से 29 दिसंबर को जारी आदेश में विद्यालय भवन को जर्जर बताते हुए इसे रैया का बास विद्यालय में मर्ज करने का निर्देश दिया गया था। जैसे ही ग्रामीणों को इस आदेश की जानकारी मिली, उन्होंने इसका विरोध शुरू कर दिया।ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि विद्यालय भवन जर्जर नहीं है। विद्यालय में पहले से ही 7 कमरे सुरक्षित स्थिति में हैं तथा हाल ही में जन सहयोग से 3 अतिरिक्त कमरों की मरम्मत करवाई गई है। ऐसे में विद्यालय को मर्ज करने का कोई औचित्य नहीं है।ग्रामीणों ने यह भी बताया कि कोला की नांगल से रैया का बास की दूरी लगभग 3 किलोमीटर है, जिसका रास्ता जंगल और सुनसान क्षेत्र से होकर गुजरता है। छोटे बच्चों के लिए इस मार्ग से रोजाना आना-जाना बेहद असुरक्षित है और किसी भी प्रकार की अनहोनी की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि विद्यालय को कोला की नांगल में यथावत नहीं रखा गया तो वे अपने बच्चों को रैया का बास विद्यालय नहीं भेजेंगे। साथ ही मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की भी चेतावनी दी।इस दौरान सीबीईओ भंवर सिंह एवं एसीबीईओ महेश मीणा ने ग्रामीणों से वार्ता कर उनकी समस्याएं उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने तथा विद्यालय को यथावत रखने का प्रयास करने का आश्वासन दिया।

## हादसा: दो कारों में भिड़ंत, छह लोग घायल

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** छापर रोड स्थित मंडा मोटर्स के पास दो कारो की जबरदस्त भिड़ंत हो गई, जिससे दोनों कारों में सवाल कुल 6 लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर पार्षद प्रतिनिधि अमज़द खान ने टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार को सूचित किया। घायलों को श्याम स्वर्णकार, अमज़द खान तथा अन्य की मदद से बगड़िया अस्पताल की इमरजेंसी मे भर्ती कराकर इलाज शुरू कराया गया। घायलों मे अमित, गोपाल, धनेश निवासी छापर, दूसरी कार मे सवार महबूब, आबिद, सलीम के नाम शामिल हैं। सूचना पर सुजानगढ़ कोतवाली थाने से हेड कांस्टेबल जगदीश जाखड़ ने मौका मुआयना किया।

## आईपीएस जय यादव बने डीआईजी, मां चंद्रकांता ने वर्दी पर लगाए स्टार

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** राज्य सरकार की ओर से बुधवार को जारी आईपीएस की पदौन्नति में चूरू एसएसपी जय यादव को डीआईजी पद पर पदोन्नत किया गया है। पदोन्नति के बाद गुरुवार को उनकी मां चंद्रकांता ने एसपी ऑफिस पहुंचकर बेटे की वर्दी पर स्टार लगाए। इस दौरान डीआईजी यादव ने मां के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। गौरतलब है कि जय यादव भारतीय पुलिस सेवा 2012 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। उल्लेखनीय है कि जय यादव (40) को एसएसपी से डीआईजी पद पर पदोन्नत हुये हैं। इस दौरान मां चंद्रकांता ने अपने बेटे को खुश रहने और तरक्की करने का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर डीआईजी यादव ने चूरू पुलिस की ओर से पिछले वर्ष की उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चूरू जिला प्रदेश के 54 पुलिस थानों में लंबित प्रकरणों के निस्तारण में शीर्ष तीन में शामिल रहा है। गत वर्ष चूरू पुलिस ने कई बड़ी वारदातों का त्वरित खुलासा करते हुए अपराधियों को गिरफ्तार किया है। तुलनात्मक रूप से पिछले साल अपराध के ग्राफ में भी कमी आई है। डीआईजी यादव ने कहा कि जिले में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए चूरू पुलिस हर समय तत्पर रहती है। बड़ी वारदात होने पर पुलिस तुरंत अलर्ट होकर उसके खुलासे के प्रयास शुरू कर देती है। उन्होंने बताया कि जिले में लगभग सभी बड़ी वारदातों का खुलासा किया जा चुका है।

## सरदारशहर में झमाझम बरसात से बढ़ी सर्दी

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** क्षेत्र में मावठ की बरसात का इंतजार कर रहे किसानों के लिए बुधवार रात्रि को हुई बरसात से जहां सर्दी में बढ़ोतरी हुई है। वहीं फसलों के लिए बरसात वरदान साबित होते हुए संजीवनी का काम करेगी। वहीं बरसात के बाद शहर में निचले इलाकों में पानी का भराव होने से लोगों को परेशानियों का भी सामना करना पड़ा। निचले इलाकों की गलियों में पानी भरने से लोगों को दूसरी गलियों से आवागमन करना पड़ा। वहीं कुछ गलियों का आवागमन पानी भराव के कारण पूरी तरह बंद हो गया। मावठ की बरसात का इंतजार कर रहे किसानों के लिए यह बरसात खुशी लेकर आई है। जहां खेतों में खड़ी फसलों के लिए यह बरसात संजीवनी का काम करेगी। वहीं अब किसानों को फसलों में पानी के लिए समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा। मावठ की बरसात के साथ ही क्षेत्र में सर्दी का बढ़ाने का दौर भी शुरू हो गया। मौसम विभाग के अनुसार मावठ की बरसात का समय बताया गया था उसी समय पर बरसात होने पर फसलों में यह बरसात अच्छा फायदा करेगी। बूंदाबांदी के साथ शुरू हुई बरसात तेज हवाओं के साथ झमाझम होते हुए जोरदार बारिश करीब 1 घंटे तक क्षेत्र में बरसात का दौर जारी रहा। आसमान में बिजली गड़गड़ाहट साथ ही क्षेत्र में अच्छी बारिश के संकेत मिले हैं।

## धरनास्थल को हटाए जाने को लेकर नगरपरिषद ने दिया नोटिस

जयपुर टाइम्स




**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय उपखंड कार्यालय के सामने सुजानगढ़ को जिला बनाये जाने व अन्य मांगों को लेकर कई सालों से जनहित संघर्ष मोर्चा की ओर से धरना दिया जा रहा है। धरने को करीब 1440 दिन हो गए हैं। इस दौरान आन्दोलन के अनेक रूप सामने आए, जिसके तहत करीब सात दिनों तक हाईवे जाम कर बड़ा आंदोलन हुआ और आखिरकार जिले की घोषणा पूर्ववर्ती गहलोत सरकार ने जाते जाते कर दिया। उसके बाद नई सरकार के गठन के साथ ही जिले की घोषणा को वापस निरस्त किया। लेकिन उपखंड कार्यालय के सामने बने धरनास्थल की अब मुख्यमंत्री कार्यालय के समक्ष शिकायत कर कथत अतिक्रमण को हटाए जाने की मांग की गई है। एडवोकेट राजेंद्र सोनी की ओर से दिए गए प्रार्थना पत्र में मुख्यमंत्री आवास के सामने धरना दिए जाने की सूचना दी गई और कहा गया कि उपखंड कार्यालय सुजानगढ़ के सामने स्थित अतिक्रमण को नहीं हटाया गया, तो आमरण अनशन किया जायेगा। उसके बाद फिर से मुख्यमंत्री को अवगत करवाते हुए स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों पर अतिक्रमण हटाने में लापरवाही बरतने के आरोप लगाए गए। दूसरी ओर इस मामले में नगरपरिषद की ओर से तहसीलदार से रिपोर्ट मांगी गई कि धरनास्थल की भूमि किसकी है। तहसीलदार गिरधारीलाल पारीक ने बताया कि नगरपरिषद को रिपोर्ट भेजी जा चुकी है कि नगरपरिषद क्षेत्र में जितनी भी सड़कें आती हैं, उन पर अगर कोई अतिक्रमण होता है, तो उसे नगरपरिषद ही हटा सकती है।

# राज्य स्तरीय शूटिंग बॉल चैंपियनशिप 3 से

जयपुर टाइम्स




**सीकर(निस)।** राजस्थान शूटिंग बॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में 44वीं राज्य स्तरीय शूटिंग बॉल चैंपियनशिप 2025-26 (सीनियर महिला व पुरुष वर्ग) का आयोजन 3 व 4 जनवरी को परम डिफेंस एकेडमी, नवलगढ़ रोड, सीकर में किया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन लीग आधार पर होगा, जिसमें प्रदेशभर से करीब 30 टीमों के भाग लेने की संभावना है। सीकर जिला शूटिंग बॉल संघ के सचिव शफीक जोड़ व आयोजन सचिव रमेश गढ़वाल ने बताया कि प्रतियोगिता में राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद से मान्यता प्राप्त पर्यवेक्षक भी मौजूद रहेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले महिला व पुरुष खिलाड़ियों के लिए आवास व भोजन की व्यवस्था परम डिफेंस एकेडमी में की गई है। कोच डॉ. सुनीता चौधरी ने बताया कि प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर राजस्थान टीम का चयन किया जाएगा, जो 9 जनवरी से महाराष्ट्र में होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेगी।प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन 3 जनवरी को सुबह 10 बजे किया जाएगा। उद्घाटन समारोह में जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा (आईएएस) मुख्य अतिथि होंगे, जबकि उप जिला प्रमुख ताराचंद धायल विशिष्ट अतिथि रहेंगे। इस अवसर पर शूटिंग बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव व ऑब्जर्वर जीतराज तोमर, राजस्थान शूटिंग बॉल एसोसिएशन के चेयरमैन शिवराज सिंह शक्तावत, अध्यक्ष दयानंद उपाध्याय व महासचिव डॉ. ओपी माचरा सहित कई उपस्थित रहेंगे।समारोह में एसबीएफआई की एक्जीक्यूटिव मेंबर व भारतीय शूटिंग बॉल टीम की कोच डॉ. सुनीता चौधरी, राजवीर सिंह शेखावत, सह-निदेशक पूजा चौधरी, कोच कृष्ण कुमार, मोहम्मद इस्लाम, सुमन शेखावत, खुशबू कंवर, अनीता बगड़िया सहित अन्य पदाधिकारी व खेलप्रेमी मौजूद रहेंगे।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।